दैनिक
**संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 215 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष दशमी, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# देश-प्रदेश में सड़कों पर फूटा 'LPG बम'
## राजस्थान में रेस्टोरेंट बंद, कर्मचारियों को घर भेजा

### गांवों में 45 दिन में बुक होगा घरेलू सिलेंडर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गैस की सप्लाई गड़बड़ाने से कोयले और लकड़ी के साथ इलेक्ट्रिक चूल्हे की डिमांड बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि बीते दो दिन में मांग अचानक दोगुनी हो गई है।

वहीं, भारत गैस का सर्वर ठप होने से घरेलू गैस की बुकिंग बंद होने की भी शिकायतें हैं। हालांकि, कंपनी की ओर से सर्वर प्रॉब्लम को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। तेल कंपनियों ने ग्रामीण इलाकों में घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग का टाइम 45 दिन कर दिया है। हालांकि शहरी क्षेत्र में 25 दिन का टाइम पीरियड है। जयपुर, अलवर, कोटा, भरतपुर, जोधपुर सहित कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी रही। गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने फूड डिपार्टमेंट के अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी हैं। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। चित्तौड़गढ़ में रेस्टोरेंट बंद कर कर्मचारियों को घर भेज दिया है। जैसलमेर के सम में 150 रिसॉर्ट को बंद करने की तैयारी है। जयपुर में चाय की थड़ी, मिठाई की दुकानों और ढाबों पर कॉमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने लगे हैं।



**सिलेंडर को माला पहनाकर श्रद्धांजलि**
कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के विरोध में कोटा में कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सिलेंडर को माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई।



भरतपुर कांग्रेस ने सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर शहर के बिजली घर चौराहे पर बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।



सीकर में कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।
सड़क पर बैठकर चूल्हे पर रोटी बनाते कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता।

#### अजमेर: गैस एजेंसी के बाहर हंगामा, ग्राहक बोले- 2 हजार में ब्लैक कर रहे सिलेंडर

सिलेंडर लेने आए अनिल ने बताया- अवंतिका गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए आए थे। यहां पर एजेंसी के बाहर साइड में खड़ा एक व्यक्ति ब्लैक में सिलेंडर बेच रहा है। घरेलू सिलेंडर 2 हजार में बेचा जा रहा है। एजेंसी के लोग सिर्फ सर्वर नहीं चलने का बहाना दे रहे हैं। लेकिन जान- पहचान वाले लोगों को अंदर बुलाकर वाउचर देकर भेजा जा रहा है।

#### जोधपुर : केवाईसी करवाने के लिए एजेंसी के बाहर लंबी लाइन

जोधपुर में घरेलू गैस सिलेंडर की केवाईसी करवाने के लिए एजेंसी के बाहर लंबी लाइन लगी हुई है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में इंडेन की गैस एजेंसी की संचालिका दीप्ति जैन ने बताया कि बुकिंग के लिए अब सभी उपभोक्ताओं की केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसे में बुकिंग के लिए सभी लोगों को पहले केवाईसी करवानी होगी। उन्होंने बताया- फिलहाल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है।



## राजस्थान में आरटीई एडमिशन की लॉटरी निकली
### 33 हजार से ज्यादा प्राइवेट स्कूलों में मिलेगा प्रवेश, संचालक बोले-नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी की फीस दे सरकार



बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर।** राजस्थान में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए गुरुवार दोपहर जयपुर के शिक्षा संकुल में लॉटरी निकाली गई। स्टूडेंट्स के प्रवेश की प्राथमिकता का क्रम तय किया गया। पहले यह लॉटरी सुबह साढ़े 11 बजे घोषित होनी थी, लेकिन बाद में इसका समय बदलकर शाम 4 बजे कर दिया गया था। हालांकि दोपहर एक बजे ही लॉटरी निकली गई और अभिभावकों को सूचना मिलनी शुरू हो गई। अब ई मित्र के माध्यम से ही अभिभावक लॉटरी में अपना नंबर देख सकते हैं। इस साल राज्यभर से करीब 6.34 लाख आवेदन आए हैं। वहीं निजी स्कूल संचालकों का कहना है- नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की फीस का भुगतान सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री शिक्षा योजना सरकार की है, इसलिए भुगतान भी सरकार को ही करना चाहिए।

#### इस बार चार क्लास में एडमिशन

इस बार पीपी-3 प्लस, पीपी-4 प्लस, पीपी-5 प्लस और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के दौरान अभिभावकों को 5 स्कूलों तक का चयन करने का विकल्प दिया गया था। इसके तहत नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और फर्स्ट क्लास में एडमिशन होंगे। नर्सरी क्लास में 25 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन होगा, जबकि अन्य क्लास में खाली सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

#### राज्य में 33 हजार से ज्यादा प्राइवेट स्कूल

यू-डाइस आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में करीब 33 हजार 548 प्राइवेट स्कूल हैं। इस तरह राज्य में कुल स्कूलों की संख्या एक लाख से ज्यादा है।

#### 20 फरवरी से शुरू हुए थे आवेदन

शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत प्रवेश के लिए 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च तय की गई थी। प्रदेशभर से 6 लाख 25 हजार 146 बालक-बालिकाओं ने 33 हजार 137 निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 19 लाख 92 हजार 357 आवेदन किए। इनमें 3 लाख 29 हजार 165 छात्र, 2 लाख 95 हजार 970 छात्राएं तथा 11 थर्ड जेंडर आवेदक शामिल हैं। अब लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित स्टूडेंट्स के एडमिशन की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नई कार्यकारिणी घोषित
### 134 नेताओं को मिली जिम्मेदारी; 12 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव सहित कई पदों पर नए चेहरों को मौका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। कार्यकारिणी में कुल 134 नेताओं को अलग-अलग पदों पर जिम्मेदारी दी गई है। इसमें 12 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 28 सचिव, 18 संयुक्त सचिव और 61 स्टेट कोऑर्डिनेटर शामिल हैं। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस नई कार्यकारिणी को मंजूरी दी है। पार्टी का कहना है कि नई टीम संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समाज की आवाज को प्रभावी तरीके से उठाने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी लंबे समय से भंग चल रही थी। अब नई टीम का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार ने बताया कि आगे भी कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिलाध्यक्षों की भी घोषणा की जा चुकी है और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय किया जा रहा है।

#### इन नेताओं को बनाया गया प्रदेश उपाध्यक्ष

नई कार्यकारिणी में जफर हुसैन, अब्दुल खलाक खान, मुश्ताक खान, नियाज अहमद, परमप्रीत सिंह, मोहम्मद सदीक गौरी, धनपाल जैन, रजनीश जैकब, डॉ. नरेंद्र कुमार बौद्ध, सलीमुद्दीन खान, नजमा राहीन और नवाज अली को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

#### प्रदेश महासचिव के पद पर ये नेता नियुक्त

प्रदेश महासचिव के रूप में शहाबुद्दीन जैद, लियाकत अली, यूनुस खान, सरदार सतपाल सिंह, रानू अजमल खान, अब्दुल हमीद खान खोकर, हाजी मोहम्मद इकबाल, फिरोज खान, शबनम डार, एडवोकेट इकबाल खान, मुस्तफा सर, अमीन खान मोयला, जफर खान मारवाड़ और रजा अब्बास को जिम्मेदारी दी गई है।

## एलपीजी और महंगाई को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन
### गहलोत ने कहा- देश में अघोषित इमरजेंसी जैसे हालात
### डोटासरा बोले- जनता की आवाज को दबाया जा रहा

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, देश में अघोषित इमरजेंसी चल रही है। न्यायपालिका और एजेंसियां दबाव में काम कर रही है। लोकसभा में काम नहीं हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आज एलपीजी के दाम आसमान छू रहे हैं और लोग कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। आने वाले दिनों में एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी व बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। दोनों नेताओं ने ये बात दांडी मार्च की वर्षगांठ पर कहीं।

#### गहलोत बोले- देश में जन आंदोलन की जरूरत

गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों पर खूब अत्याचार किए थे। नमक पर टैक्स लगा दिया था,तब आज ही के दिन 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी की ओर से दांडी मार्च निकाला था। उन्होंने अपने 78 साथियों के साथ इस यात्रा को शुरू किया था। देखते ही देखते ही यह पूरे देश में एक जन आंदोलन बन गया था। गहलोत ने कहा कि आज जो देश में विकट हालात बन गए हैं।



#### आज देश के हालात ठीक नहीं : जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सभी धर्म-जाति के लोग गांधी के दांडी मार्च में शामिल हुए क्योंकि ये लोगों के जीवन से जुड़ी बात थी। आज देश में हालात ठीक नहीं है। लगातार लोगों की आवाज दबाई जा रही है। यह ठीक नहीं है। सरकार को इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

#### एलपीजी सिलेंडर संकट को लेकर कांग्रेस करेंगी आंदोलन : डोटासरा

मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने जन आंदोलन शुरू किया था। आज भी देश में सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है। अघोषित इमरजेंसी लगी हुई है। पत्रकारों, साहित्यकारों और विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है। प्रधानमंत्री केवल झूठ बोलने में व्यस्त हैं, वो तानाशाही के जरिए देश चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एलपीजी के दाम आसमान छू रहे हैं और लोग कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाया जा रहा है।

## पीएम बोले- एलपीजी को लेकर कुछ लोग डर फैला रहे
### वो इससे फायदा उठाना चाहते हैं, कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एलपीजी को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं, लेकिन संकट के समय इस तरह का माहौल देश के लिए नुकसानदायक होता है।

प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में



आयोजित एनएक्सटी समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण हैं और युद्ध की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी है।

## राहुल बोले- पेट्रोलियम मंत्री ने एपस्टीन को दोस्त कहा था
### स्पीकर ने बोलने से रोका; पुरी ने कहा- एलपीजी की कमी नहीं, विपक्ष की नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने लोकसभा में गुरुवार को एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, एलपीजी को लेकर घबराहट है और सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की बुनियाद उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। अगर अमेरिका यह तय करे कि हम रूस से गैस या तेल खरीद सकते हैं या नहीं, तो यह समझ से परे है। मैं समझने की कोशिश कर रहा हूं कि यह पहेली क्या है और यह समझौते से जुड़ी लगती है। तेल मंत्री खुद कह चुके हैं कि वे एपस्टीन के दोस्त हैं।

इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर बिरला ने राहुल को टोका,जिस विषय पर नोटिस दिया है उस पर बोलिए। इस पर बोलना है तो नोटिस दीजिए। इतना कहते



ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। बिरला ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से बोलने को कहा- पुरी ने जैसे ही बोलना शुरू किया एपस्टीन-एपस्टीन के नारे लगे।

आज सुबह लोकसभा में विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। सांसदों ने संसद के बाहर नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब के नारे लगाए। राहुल ने एलपीजी संकट पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था।

राहुल गांधी ने सरकार से एलपीजी की कमी से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता किया, इसलिए बड़ी समस्या आने वाली है। इससे पहले लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला 10 फरवरी के बाद अध्यक्ष की चेयर पर बैठे। विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया।

राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन वह खुद घबराए हुए लग रहे हैं, बिल्कुल अलग वजहों से। वे एप्स्टीन अदाणी केस की वजह से पैनिक हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी। वह देश से कह रहे हैं कि घबराएं नहीं, जबकि वह खुद परेशान लग रहे हैं।



## सम्पादकीय

# सुहाने सपने दिखाते सिविल सेवक

नौकरशाहों के साथ नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते ही रहते हैं। आम तौर पर नेता तभी भ्रष्टाचार करने में समर्थ होते हैं, जब उन्हें भ्रष्ट नौकरशाहों का साथ मिलता है। अपने देश में भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई मुश्किल से हो पाती है।

संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी की परीक्षा को देश ही नहीं, दुनिया की कठिनतम परीक्षाओं में से एक माना जाता है। इसी कारण इस परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों के नाम सबका ध्यान खींचते हैं। सफल अभ्यर्थी और विशेष रूप से शीर्ष स्थान अर्जित करने वाले अपने माता-पिता और शिक्षण संस्थान का नाम रोशन करते हैं। जो साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनकी सफलता पूरे समुदाय में गर्व का भाव जगाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि भारतीय समाज में आइएएस और विशेष रूप से कलेक्टर यानी डीएम बनना प्रतिष्ठा का परिचायक रहा है। यूपीएससी यानी सिविल सेवा परीक्षा पास करना प्रतिष्ठा का कितना बड़ा विषय है, इसे इससे समझा जा सकता है कि कई जगह सफल अभ्यर्थियों का गाजे-बाजे के साथ स्वागत-सत्कार होता है। बीते दिनों यूपीएससी परीक्षा में सफल रहे कई अभ्यर्थियों का उनके गांव-घर में कुछ उसी भव्य तरीके से स्वागत किया गया, जैसे किसी नवनिर्वाचित नेता के चुनाव जीत लेने पर होता है। एक अभ्यर्थी ने अपने स्वागत के समय कार में सवार होकर जनता का अभिवादन किया और लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं। एक के स्वागत में लोग संगीत की धुन पर नाचते और अभ्यर्थी को नोटों की माला पहनाते दिखे। एक अन्य के काफिले में लैंड रोवर, डिफेंडर जैसी लक्जरी गाड़ियां नजर आईं। कुछ पुराने सिविल सेवकों ने सफल अभ्यर्थियों के नेताओं सरीखे ऐसे भव्य स्वागत पर असहमति और अप्रसन्नता प्रकट की। कुछ ने उन्हें नसीहत दी कि यूपीएससी परीक्षा पास करना मात्र कोई इतनी बड़ी उपलब्धि नहीं कि उनका ढोल बजाकर स्वागत किया जाए। इस असहमति का कुछ मूल्य-महत्व हो सकता है, लेकिन क्या कोई उस पर ध्यान देगा?

आने वाले दिनों में यूपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के ऐसे साक्षात्कार पढ़ने-सुनने को मिल सकते हैं, जिनमें वे बताएंगे कि कैसे देश और समाज सेवा के जज्बे ने उन्हें सिविल सेवक बनने को प्रेरित किया। लगभग हर सफल अभ्यर्थी का स्वर यही होता है कि वह समाज के लिए कुछ करना चाहता था और इसका सबसे उत्तम उपाय सिविल सेवा में जाना था। इसमें संदेह नहीं कि आइएएस, आइपीएस जैसे पद सबसे सामर्थ्यवान हैं। इन पर आसीन होने वाले अपने विभाग या क्षेत्र की तस्वीर और लोगों का भाग्य बदल सकने में समर्थ होते हैं, पर क्या औसत सिविल सेवक ऐसा कर पा रहे हैं? यह वह प्रश्न है, जिस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सिविल सेवकों को प्रशासनिक सेवा की रीढ़ माना जाता है। प्रशासन में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि 1947 में इसी तिथि को सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रथम बैच के अधिकारियों को संबोधित किया था। इसी संबोधन में उन्होंने सिविल सेवकों को इस्पाती ढांचे की संज्ञा दी थी, पर पिछले काफी समय से यह स्वर उभर रहा है कि इस इस्पाती ढांचे को जंग लग चुकी है। इसी के साथ सिविल सेवकों की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता भी जताई जा रही है। कहना कठिन है कि इस आवश्यकता की पूर्ति होगी या नहीं, क्योंकि मनमोहन सरकार के समय जिस प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया था, उसकी सिफारिशों पर आज तक अमल नहीं हुआ। यह अमल मोदी सरकार की ओर से बार-बार यह कहते रहने के बाद भी नहीं हुआ कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाई गई है। इस कथित जीरो टालरेंस नीति के बावजूद नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नौकरशाहों के साथ नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते ही रहते हैं। आम तौर पर नेता तभी भ्रष्टाचार करने में समर्थ होते हैं, जब उन्हें भ्रष्ट नौकरशाहों का साथ मिलता है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 13 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1997** – सिस्टर निर्मला का चयन नेता के रूप में ईन्डियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा किया गया।
- **1999** – शेख़ हमाज बिन ईसा अल ख़लीफ़ा बहरीन के नये शासक बने, 23 वर्षों के अंतराल के बाद श्रीलंका सरकार ने हत्या एवं मादक द्रव्य तस्करी सदृश अपराधों के लिए मृत्युदंड की सज़ा पुन: बहाल करने का निश्चय किया।
- **2002** – राबर्ट मुगावे पुन: जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति निर्वाचित, पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ की जापान यात्रा प्रारम्भ, सी.टी.बी.टी. पर हस्ताक्षर के लिए समय मांगा।
- **2003** – इराक पर ब्रिटेन के प्रस्तावों को फ़्रांस ने नामंजूर किया।
- **2008** – राज्यपाल ने खाद्य सुरक्षा और मानक संशोधन विधेयक, 2008 को पारित किया। 'हिन्दुस्तान टाइम्स' और पाकिस्तान के अखबार 'डॉन' को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुलिश सम्मान प्रदान किया गया।
नासा का अंतरिक्ष यान एंडेवर सकुशल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचा। सैक्स स्कैण्डल में फंसे न्यूयार्क के गवर्नर एलिमट स्पित्जर ने अपने पद से इस्तीफ़ा देने की घोषणा की।
- **2009** – सार्क साहित्योत्सव आगरा में शुरू हुआ।
- **2018** – छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हमलें में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 9 जवानों की मौत।

### 13 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- **1899** – बुर्गुला रामकृष्ण राव, आंध्र प्रदेश के राजनैतिक नेता।
- **1971** – आत्मा रंजन , हिंदी के प्रसिद्ध कवि।
- **1980** – वरुण गांधी, एक युवा राजनेता।
- **1861** – चुनीलाल बसु – भारत के एक रसायनज्ञ, विज्ञानसाधक, चिकित्सक और देशप्रेमी थे।

### 13 मार्च को हुए निधन

- 1800 – नाना फड़नवीस, एक मराठा राजनेता।
- 1996 – शफ़ी ईनामदार, हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता।
- 2004 – विलायत ख़ाँ – भारत के प्रसिद्ध सितार वादक
- 2014 – एस. मल्लिकार्जुनैय्या – भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ थे।

## विशेष आलेख

# जलियांवाला बाग से कैक्सटन हॉल तक : शहीद-ए-आजम ऊधम सिंह की अमर गाथा।



सुनील कुमार महला

शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन दीपस्तंभों में से एक हैं, जिनका नाम साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है। दूसरे शब्दों में कहें तो उधम सिंह (राम मोहम्मद सिंह आजाद) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों में से एक थे। उनके बचपन का नाम शेर सिंह था तथा उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को सुनाम,जिला संगरूर,पंजाब में हुआ था।उनके पिता का नाम सरदार टहल सिंह था, जो रेलवे ओवरसियर (चौकीदार) के रूप में कार्य करते थे तथा उनकी माता का नाम नारायण कौर था। पाठकों को बताता चलूं कि बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया था, कहते हैं कि उनका पालन-पोषण अमृतसर के एक अनाथालय में हुआ था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार माता-पिता के साये के बिना, उन्हें और उनके बड़े भाई (मुक्ता सिंह) को अमृतसर के सेंट्रल खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा अनाथालय में ही रहकर पूरी की और वहीं से 1918 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुए भीषण जलियाँवाला बाग हत्याकांड ने उधमसिंह के जीवन की दिशा बदल दी। दरअसल, उस समय वे अमृतसर में ही थे, और कहा जाता है कि वे घायल लोगों को पानी पिला रहे थे। इस क्रूर घटना ने उनके मन पर बहुत ही गहरा प्रभाव डाला और उन्होंने इस नरसंहार का बदला लेने का संकल्प लिया। वे इस घटना के लिए पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओड्वायर को जिम्मेदार मानते थे।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड पृष्ठभूमि:** दरअसल, 1919 में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट अधिनियम-1919 (जिसे काला कानून भी कहा गया) पारित किया। इस कानून के तहत सरकार को यह अधिकार मिल गया था कि वह किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए गिरफ्तार कर सकती थी। इस अन्यायपूर्ण कानून का पूरे देश में विरोध हुआ। इसी विरोध के दौरान अमृतसर के लोकप्रिय नेताओं सैफुद्दीन किचलू और सत्यपाल को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी रिहाई की मांग और रॉलेट एक्ट(अधिनियम) के विरोध में 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई।

**वैशाखी का दिन और विशाल भीड़:** 13 अप्रैल 1919 को वैशाखी का पर्व था। इसलिए लगभग 10,000 पुरुष, महिलाएँ और बच्चे जलियांवाला बाग में एकत्र हो गए थे। कई लोग राजनीतिक सभा के लिए आए थे, जबकि अनेक लोग केवल मेले के कारण वहाँ पहुँचे थे। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि उस समय जलियांवाला बाग कोई व्यवस्थित बगीचा नहीं था, बल्कि यह मकानों से घिरा एक बड़ा खाली मैदान था तथा वहाँ आने-जाने के लिए केवल एक संकरा प्रवेश मार्ग था और चारों ओर ऊँची दीवारें व मकान स्थित थे।जब इस विशाल सभा की सूचना ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड डायर को मिली, तो वह लगभग 90 सैनिकों के साथ वहाँ पहुँचा। कहते हैं कि उसके साथ दो मशीनगनों से लैस बख्तरबंद गाड़ियाँ भी थीं, लेकिन बाग का रास्ता संकरा होने के कारण वे अंदर नहीं जा सकीं।


**गोलाबारी और भीषण नरसंहार:** जनरल डायर ने बिना किसी चेतावनी के सैनिकों को भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया। सैनिकों ने लगभग 10 मिनट तक लगातार गोलीबारी की और लगभग 1650 राउंड गोलियाँ चलाईं।गोलीबारी तब तक जारी रही जब तक गोला-बारूद लगभग समाप्त नहीं हो गया। चूँकि, सैनिकों ने सभी रास्तों को घेर लिया था, इसलिए लोग वहाँ से भाग नहीं सके और सैकड़ों लोग वहीं गिर पड़े। अपनी जान बचाने के लिए कई लोग बाग में स्थित एक कुएँ में कूद गए। बाद में उस कुएँ से 100 से अधिक शव निकाले गए। आज यह स्थान 'शहीदी कुआँ' के नाम से प्रसिद्ध है और वहाँ स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

**मृतकों की संख्या और अमानवीय दमन:** जलियांवाला बाग हत्याकांड में मृतकों की संख्या को लेकर विभिन्न आँकड़े मिलते हैं। ब्रिटिश सरकारी अभिलेखों के अनुसार 379 लोग मारे गए और लगभग 200 घायल हुए।अमृतसर डिप्टी कमिश्नर कार्यालय की सूची में 484 शहीदों का उल्लेख मिलता है। वहीं पर जलियांवाला बाग की सूची में 388 शहीदों का उल्लेख है।भारतीय अनौपचारिक आँकड़ों के अनुसार 1000 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 2000 घायल हुए। ब्रिटिश अभिलेखों के अनुसार मृतकों में 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक छह सप्ताह का शिशु शामिल था। कहते हैं कि इस घटना के बाद पूरे अमृतसर में कर्फ़्यू लगा दिया गया था और घायलों को अस्पताल ले जाने तक की अनुमति भी नहीं दी गई। परिणामस्वरूप, कई लोग रातभर तड़पते हुए दम तोड़ बैठे। नरसंहार के बाद अमृतसर में 'मार्शल लॉ' लागू कर दिया गया था और लोगों के आवागमन तथा संचार पर कड़ी पाबंदियाँ लगा दी गईं। वास्तव में, डायर ने शहर में कई कठोर आदेश लागू किए। इनमें सबसे कुख्यात था 'क्रॉलिंग ऑर्डर', जिसके तहत जिस गली में एक अंग्रेज महिला पर हमला हुआ था, वहाँ से गुजरने वाले भारतीयों को पेट के बल रेंगकर (क्रॉलिंग करते हुए) जाने के लिए मजबूर किया जाता था। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े भी लगाए गए।

**ऊधम सिंह का प्रतिशोध:** जलियांवाला बाग की इस घटना ने ऊधम सिंह के मन में प्रतिशोध की तीव्र भावना उत्पन्न कर दी। अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए वे कई वर्षों तक अवसर की प्रतीक्षा करते रहे। दरअसल, उधम सिंह ने लगभग 21 साल तक धैर्य और संकल्प के साथ प्रतीक्षा की और अंतत: अपने देशवासियों के लिए न्याय का प्रतीक बन गए। कहते हैं कि इस दौरान उन्होंने अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप जैसे देशों की यात्राएँ भी कीं और विभिन्न क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहे। सरल शब्दों में कहें तो अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए वे विभिन्न देशों (जैसे अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप) की यात्रा करते हुए 1934 में लंदन पहुँचे और वहां उन्होंने 'राम मोहम्मद सिंह आजाद' नाम अपनाया, जो भारत की सांप्रदायिक एकता का प्रतीक था। सरदार उधमसिंह,भगतसिंह को वे अपना गुरू मानते थे। यहां पाठकों को बताता चलूं कि उधम सिंह, शहीद भगत सिंह से उम्र में बड़े थे, फिर भी वे उन्हें अपना 'गुरु' और मार्गदर्शक मानते थे।1927 में जब वे भगत सिंह के कहने पर वापस भारत आए, तो उनके पास भारी मात्रा में हथियार और प्रतिबंधित साहित्य मिला, जिसके कारण उन्हें 5 साल की जेल हुई। उनकी जेब में हमेशा भगत सिंह की एक तस्वीर रहती थी। इसके अलावा, उधमसिंह का गदर पार्टी (अमेरिका में सदस्य बनें) से सक्रिय जुड़ाव रहा।

**ये लेखक के अपने निजी चिार हैं।**

# विरार ही नहीं देश में कई शहरों में हो रही दवाइयों में हेरा फेरी



अशोक भाटिया

देशभर में एक बार फिर से दवाओं में मिलावट और औषधि बनाने वाली फार्मास्यूटिकल कम्पनियों की मुनाफाखोरी की कीमत एक्सपायर डेट वाली दवाओं के उपयोग से मासूम जिन्दगियों द्वारा चुकायी गई है। हाल ही में मुंबई से सटे वसई – विरार में महानगर पालिका के पेटिट अस्पताल में एक्सपायर डेट वाली दवाओं का खजाना पकड़ा गया है। इस मामले को भाजपा के नव निर्वाचित नगरसेवक व गट नेता अशोक शेलके के नेतृत्व में भाजपा के नगर सेवकों ने किया है । महाराट्र प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस से इस कोभांड के जाँच के आदेश भी दे दिए है । मुंबई से सटे शहर में ऐसा हो सकता है तो दूसरे शहरों के बारे में क्या कहें । एक दूसरे घटनाक्रम में मध्य प्रदेश के परासिया में कोल्ड्रिफ नामक सिरप के सेवन से 20 बच्चों की मौत हो गयी, जबकि 10 से अधिक बच्चे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं यह बात अभी तक लोग भूले नहीं है। यह सिरप श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित था। इसी प्रकार राजस्थान में कैसन्स फार्मा द्वारा तैयार खाँसी के सिरप के सेवन से 12 बच्चों की जान चली गयी। मध्यप्रदेश के ही ग्वालियर ज़िले में दूषित खाँसी के सिरप से हुई बच्चों की मौतों के मामले के ठीक कुछ दिन बाद ही एक सरकारी अस्पताल में सरकार द्वारा आपूर्ति की गयी एजिथ्रोमाइसिन सिरप की बोतल में कीड़े पाये जाने की घटना सामने आयी है। एक महिला ने शिकायत की कि जब उसने अपने बच्चे को देने के लिए सिरप की बोतल खोली, तो उसमें कीड़े दिखायी दिये। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने इस दवा के पूरे बैच (लगभग 306 बोतलों) को सील कर दिया और नमूने भोपाल व कोलकाता की प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भेजे गये। इन सभी हादसों ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। इसके साथ ही ये घटनाएँ इस बात का भी प्रमाण हैं कि दवा उद्योग में मुनाफाखोरी और सरकार की मिलीभगत का ख़ामियाज़ा किस प्रकार सीधे तौर पर आम जनता को अपनी जिन्दगी से भरना पड़ता है।

बात अगर जहरीली दवाओं की की जाये तो हमें यह समझना होगा कि एक सामान्य-सी दिखने वाली दवा कैसे इतनी घातक बन जाती है। दरअसल प्रत्येक दवा दो प्रकार की चीज़ों को मिलाकर बनती है – पहला उसके सक्रिय तत्व, जो बीमारी का उपचार करते हैं, और दूसरे उसके सहायक तत्व, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि दवा शरीर के उचित हिस्से तक पहुँचे। इसलिए किसी भी औषधि को सुरक्षित घोषित करने से पहले उस पर अनेक प्रकार के परीक्षण किये जाने आवश्यक होते हैं। सिरपों में प्राय: ग्लिसरीन और प्रोपिलीन ग्लाइकोल को सुरक्षित सहायक तत्व के रूप में उपयोग किया जाता है, लेकिन अक्सर पाया गया है कि लागत घटाने के उद्देश्य से कई कम्पनियाँ इनकी जगह सस्ते में उपलब्ध डाइएथिलीन ग्लाइकोल का प्रयोग करती हैं जो कि एक विषैला औद्योगिक सॉल्वेंट है। डेग का सम्मिलन दवाओं को घातक बना देता है, क्योंकि यह एक ऐसा पदार्थ है जोकि लिवर, दिमाग़ और दिमाग़ की कोशिकाओं को गम्भीर रूप से नुकसान पहुँचा सकता है और इसलिए अन्त में जान बचाने वाली दवा ही मरीज़ की मृत्यु का कारण बन जाती है।

दुर्भाग्यवश, यह समस्या नयी नहीं है। भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में डाइएथिलीन ग्लाइकोल के कारण सैकड़ों बच्चों की मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। कई फ़ार्मा कम्पनियों के द्वारा लगातार की जा रही इस प्रकार की मिलावट की वजह से हाल के वर्षों में भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित और

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### भाई

सुबह-सुबह लीला जब जॉगिंग करके घर में दाखिल हुई तो उसने पति लीलेश को फोन पर बात करते हुए देखा। पति के फोन काटते ही लीला ने बातचीत का सार तत्व समझ व्यंग्य बाण छोड़ा, 'लगता है कि तुम्हारे भाई भरत का फोन था? फिर पैसे की मांग की गई है न? '

लीलेश ने बात न बढ़ाने की गरज से शाब्दिक मितव्ययिता अपनाते हुए कहा, 'हाँ। '

लीला ने पति को अर्थशास्त्र समझाते हुए कहा, 'न जाने तुम कब समझोगे। अपने दोनों बेटों की भी चिंता किया करो। भाई को कब तक लादे फिरोगे। जब से आई हूँ तब से तुम्हारी यही हरकत देख रही हूँ। अरे, कभी शादी-विवाह पड़ा या कोई पर्व-त्योहार हुआ तो कुछ रुपए-पैसे आदमी दे देता है। इसके आगे का भाईचारा ठीक नहीं है। '

लीलेश पत्नी की बातों को अनसुना करते हुए बाहर निकल गया।

लीला ने पति पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत अपने बेटे रुद्रांश से एक दिन कहा, 'बेटा, मैं तो तुम्हारे पापा को समझाते-समझाते थक गई हूँ। अभी गांव से उनके भाई का फोन आया है कि आलू की फसल को पाला मार गया है। पैसे की दरकार है। अगर तुम्हारे पापा इसी तरह भामा शाह बने रहे तो तुम लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा। थोड़ा तुम भी उन्हें समझाओ न। शायद तुम्हारी बातों का उनपर कुछ असर हो जाए। '

रुद्रांश ने लीला से कहा, 'माँ, काका ने पापा के लिए बहुत कुछ किया है। उन्हीं की बदौलत पापा की पढ़ाई-लिखाई हुई तथा नौकरी लगी। जिस किसी सामान पर भी तुम हाथ रख देती हो पापा उसे खरीदवाते जरूर हैं। हम दोनों भाइयों की भी हर फरमाइश पूरी करते रहे हैं। वो कमाते हैं। अगर उसमें से कुछ अपने भाई के ऊपर खर्च कर भी देते हैं तो क्या बिगड़ जाता है? मैं उनका हाथ पकड़ने तो नहीं जाऊंगा। '

लीला पर बातों का असर न पड़ता देख रुद्रांश ने माँ की ममता का छोर टटोलते हुए कहा,

'माँ, यदि मैं अपने भाई रुद्राक्ष की मदद करूं तो तुम बुरा मानोगी क्या? '

## हेल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# जाने प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के फायदे और नुकसान

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में, शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्वस्थ और संतुलित खानपान की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिला जो कुछ भी खाती-पीती है, उसका असर उसके साथ-साथ शिशु की सेहत पर भी पड़ता है। ऐसे में, प्रेग्नेंसी में गर्भवती महिलाओं को कुछ चीजों को खाने और कुछ चीजों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। दरअसल, कई बार गर्भवती महिलाएं कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेती हैं, जिससे उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसी ही एक चीज है कटहल, जिसे लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। अक्सर कई लोगों के मन में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना सुरक्षित है या नहीं? तो आइए, डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवनन से जानते हैं कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

### प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

डायटीशियन अबर्ना माथीवनन के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मां और गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। साथ ही, कटहल को बहुत ज्यादा पकाकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

### कटहल खाने के फायदे

कटहल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और पेट से जुड़ी दिक्कतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इसके सेवन से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है और हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। कटहल में मौजूद पोषक तत्व शिशु के सही विकास में भी मददगार हो सकते हैं।

### कटहल खाने के नुकसान

हालांकि कटहल के कई फायदे हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ समस्याएं भी पैदा कर सकता है। ज्यादा मात्रा में कटहल खाने से गर्भवती महिला का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, कटहल का ज्यादा सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। कुछ महिलाओं को इसका सेवन करने से एलर्जी भी हो सकती है। इसलिए संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करना बेहतर होता है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपको अपनी सेहत पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की सलाह दे रहा है, क्योंकि किसी पुरानी बीमारी के दोबारा उभरने की संभावना बन सकती है। ऐसे में लापरवाही बिल्कुल न करें और समय पर आराम भी लें। भाई-बहनों का सहयोग आपको पूरा मिलेगा, जिससे कई रुके हुए काम भी धीरे-धीरे पटरी पर आते दिखाई देंगे। यदि लंबे समय से कोई परेशानी आपको परेशान कर रही थी।

**वृष**

आज का दिन आपको अपने व्यवहार और वाणी पर संयम रखने की सलाह दे रहा है। किसी से भी बात करते समय शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी-सी बात भी बड़ा विवाद बन सकती है।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

**कर्क**

आज का दिन आपको धैर्य और समझदारी के साथ काम लेने की सलाह दे रहा है। आपका गुस्सैल स्वभाव आपको अनावश्यक विवादों में डाल सकता है, इसलिए अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी होगा।

**सिंह**

आज आप दोस्तों के साथ कुछ समय हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में बिताएंगे, जिससे पुरानी यादें भी ताजा हो सकती हैं। अपनी आय के स्त्रोतों को बढ़ाने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए कुछ नया और रचनात्मक करने का अवसर लेकर आ सकता है। आपके मन में काम को लेकर कई नए विचार आएंगे, जिन्हें यदि आप अपने व्यवसाय या कार्य में लागू करें तो अच्छा लाभ मिल सकता है।

**तुला**

आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो आज उसके पूरा होने के संकेत मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज का दिन सामान्य रूप से बीतेगा, लेकिन सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन से निराशाजनक खबर मिलने की संभावना भी बन रही है।

**धनु**

आज यदि कामकाज को लेकर कुछ परेशानियां चल रही थीं, तो उनके दूर होने के संकेत मिल रहे हैं। अपनी मेहनत और लगन के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए धन और समृद्धि में वृद्धि का संकेत दे रहा है। कहीं यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सामान्य से मध्यम फल देने वाला रहेगा। यदि जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा था, तो आज वह दूर हो सकता है और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी।

**मीन**

आज आप अपनी जरूरतों को पूरा करने में अच्छा-खासा खर्च कर सकते हैं। आपका मनमौजी स्वभाव कभी-कभी परिवार के सदस्यों के साथ वाद-विवाद का कारण भी बन सकता है, इसलिए थोड़ा संयम रखना जरूरी होगा।

# एजेंसियों का निरीक्षण: पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें: जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्तमान में मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की परिस्थितियों के मद्देनज़र भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति संबंधी नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर काना राम ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी रहेगी तथा आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले की सभी गैस एजेंसियों के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले में गैस



आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों, अन्नपूर्णा रसोईयों, छात्रावासों तथा स्कूलों में मिड-डे-मिल योजना के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही है!

जिला कलक्टर ने गुरूवार को जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विनायक इंडियन गैस एजेंसी (इंदिरा कश्लोनी), रेणु इंटरप्राइजेज इंडियन गैस एजेंसी गोदाम तथा रणथम्भौर गैस एजेंसी (हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के गोदामों में गैस स्टश्क, आपूर्ति व्यवस्था और वितरण प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि सभी गोदामों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के बाद समय पर होम डिलीवरी उपलब्ध कराई जाए।

### कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर होगी कड़ी कार्रवाई

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि यदि किसी गैस एजेंसी संचालक अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, कालाबाजारी या व्यावसायिक उपयोग किया जाता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध एलपीजी ऑर्डर-2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### न्यूनतम 25 दिन का अंतराल आवश्यक

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए गैस बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिनों का अंतराल निर्धारित किया गया है। उपभोक्ता निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग कराएं, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### न्यूनतम 25 दिन का अंतराल आवश्यक

घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर उपभोक्ता जिला रसद कार्यालय के कंट्रोल रूम (07462-294515) पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की हेल्पलाइन 181 तथा खाद्य विभाग की हेल्पलाइन 14435 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## दशामाता पर्व आज, सुहागिनें मांगेंगी अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि का वरदान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** घर-परिवार की दशा सुधारने, संकटों को दूर करने और सुख-समृद्धि की कामना का प्रमुख लोकपर्व दशामाता शुक्रवार को पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले इस व्रत को लेकर शहर और ग्रामीण अंचलों की महिलाओं में खासा उत्साह है। पर्व की तैयारियों को लेकर बाजारों में भी पूजन सामग्री, हल्दी, कुमकुम और सूत के डोरे की खरीदारी तेज हो गई है। पूजा ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5:15 बजे से शुरू होगी जो सुबह 11:19 बजे तक होगी। उसके बाद दोपहर 12:24 से 1:11 बजे तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा।

**पीपल की पूजा का है विशेष महत्व:** पंडित शिवदयाल शास्त्री ने बताया कि दशामाता पर्व पर सुहागिन महिलाएं कच्चे सूत का 10 तार और 10 गांठों वाला विशेष डोरा (गंडा) गले में धारण करती हैं। मान्यता है कि पीपल के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है, और इस दिन विधि-विधान से पूजा करने व पेड़ की 10 बार परिक्रमा कर सूत लपेटने से घर की दरिद्रता दूर होती है और परिवार की 'दशा' में सुधार होता है।

**राजा नल और दमयंती की कथा का होगा वाचन:** पूजन के दौरान महिलाएं समूह में बैठकर दशामाता की कथा विशेष रूप से राजा नल और रानी दमयंती की कहानी सुनेंगी। यह कथा इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य के जीवन में अच्छी और बुरी दशाएं (समय) आती रहती हैं, लेकिन धर्म, विश्वास और धैर्य के मार्ग पर चलने से अंततः सुख की प्राप्ति होती है। पूजन के बाद महिलाएं घर के मुख्य द्वार पर कुमकुम और हल्दी के छापे (हाथ के निशान) भी लगाएंगी। घर में गेहूं और गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजन लापसी आदि का प्रसाद चढ़ाया जाएगा।

### आकस्मिक निरीक्षण

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण, स्वच्छता और ई-फाइलिंग करें: बुडानिया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)!** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया (द्बस्) ने गुरुवार को पंचायत समिति बरवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ बुडानिया ने सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों एवं शिकायतों की जानकारी लेते हुए उनके समयबद्ध और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत, निर्माण, लेखा, आवास, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) शाखाओं का अवलोकन कर संबंधित प्रभारी अधिकारियों और कार्मिकों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही पत्रावलियों का सुव्यवस्थित संधारण, कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध तथा ई-फाइलिंग को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश विकास अधिकारी इन्द्रराज मीना को दिए।

इसके पश्चात सीईओ ने ग्राम पंचायत भेड़ौला का दौरा कर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन कचरा संग्रहण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए पर्याप्त फर्नीचर एवं पुस्तकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीईओ बुडानिया ने भेड़ौला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद किया। आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता, पुस्तकालय एवं अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान पंचायत समिति बरवाड़ा के विकास अधिकारी इन्द्रराज मीना, सहायक अभियंता सीमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## टोडारायसिंह में आदिनाथ भगवान का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव श्रद्धा से मनाया



बढ़ता राजस्थान

टोडारायसिंह। शहर के पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म-तप कल्याणक महा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान आदिनाथ का विधि-विधान से अभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और स्तुति के माध्यम से भगवान की आराधना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को अहिंसा, सत्य, संयम और अपरिग्रह का शाश्वत संदेश दिया। उन्होंने मानव जीवन को सही दिशा देने के लिए असि, मसि, कृषि जग को सिखाया,राज पाठ नहीं,वन जिनको भाया,वस कड़ी तपस्या,ना कोई विकल्प,पूरा कर लिया मोक्ष का प्रकल्प।जैसे जीवनोपयोगी कार्यों की शिक्षा दी तथा राज-पाठ का त्याग कर कठोर तपस्या के माध्यम से मोक्ष का मार्ग दिखाया।

महोत्सव में नवीन कुमार छाबड़ा, अजीत कुमार झंडा, गिरनार कनाई, राजेंद्र कुमार अजमेरा, मदनलाल जैन बरवास, चांदमल कनोई, धर्मचंद झंडा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति, डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं नियमित साफ सफाई के लक्ष्य बनाकर कार्य करें

## स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता जरुरी: के.के. गुप्ता



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत गुरुवार को कलेक्टेऊट सभागार में टोंक जिले की समस्त नगरीय निकायों, रूडीप परियोजना तथा जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर श्री के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांड एम्बेसडर श्री के.के. गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता बेहद जरुरी है। आपके शहर, मोहल्ले एवं आस पास के क्षेत्र की स्वच्छता शारीरिक एवं मानसिक रुप से सकरात्मक उर्जा देती है। स्वच्छता एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि वर्षभर सतत रुप से किया जाने वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में टोंक जिले के शहरी निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त एवं स्वच्छ व सुंदर बनाने का लक्ष्य सभी का होना चाहिए। स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित एवं लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्वच्छता को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया, जिनमें शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, समयबद्ध तरीके से वर्ष के 365 दिन कचरा उठाव, जीपीएस के माध्यम से सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति एवं पेनल्टी की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों की दिन में तीन बार सफाई, जीईओ टैग्ड फोटो के माध्यम से मॉनिटरिंग, खाली भूखंडों की सफाई नहीं होने पर पेनल्टी एवं सीज करने की कार्रवाई, व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित रात्रिकालीन सफाई, बिजली के पोलों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखना, बेसहारा गायों को गौशालाओं में पहुंचाना, नालियों की नियमित सफाई, सार्वजनिक उद्यानों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना तथा नगरीय निकायों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर टोंक के नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल, समाज सेवी ओम प्रकाश गुप्ता एवं रामबाबू गुप्ता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## टोंक जिला कलेक्टर ने उनियारा एसडीएम पूजा मीणा के खिलाफ जांच के आदेश दिए: अभद्रता का आरोप




बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद गौतम)।** टोंक जिले में प्रशासनिक स्तर पर बड़ी हलचल देखने को मिल रही है, जहाँ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उनियारा की उपखंड अधिकारी (स्ष्ठरू) पूजा मीणा के विरुद्ध विभागीय जांच के कड़े निर्देश जारी किए हैं। यह पूरा मामला समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ, जिला टोंक द्वारा प्रस्तुत एक परिवाद से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गत 19 फरवरी 2026 को एसडीएम पूजा मीणा ने उनियारा तहसील कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र कुमार राव के साथ कार्यस्थल पर अत्यंत अभद्र और अनुचित व्यवहार किया था। कर्मचारी महासंघ की इस गंभीर शिकायत और एसडीएम के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग को संज्ञान में लेते हुए, जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर, टोंक को इस प्रकरण में जांच अधिकारी नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार, जांच अधिकारी को पूरे मामले की सूक्ष्मता से विस्तृत जांच करनी होगी और अपनी रिपोर्ट आगामी 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। इस घटना के बाद से जिले के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है और अब सभी की नजरें सात दिन बाद आने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो एसडीएम के खिलाफ संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाई का आधार बनेगी।

## प्रकरणों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण करें: कानाराम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के समस्त उपखंड मुख्यालयों पर आयोजित अटल जन सेवा शिविरों के तहत पंचायत समिति गंगापुर सिटी के भारत निर्माण केन्द्र में जिला कलक्टर काना राम ने जनसुनवाई



की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

अटल जन सेवा शिविर के दौरान जिला कलक्टर के समक्ष पट्टा जारी करवाने, नाली का लेवल दुरस्त करवाने, खाली भू-खण्डों से कचरे का निस्तारण करवाने, क्षतिग्रस्त सड़क सही करवाने, सैनिक नगर में नालियों की नियमित साफ-सफाई करवाने, आम रास्त से अवैध अतिक्रमण हटवाने, कचरा संग्रहण वाहन नहीं आने, जनाधार से नाम हटवाने, जनाधार और आधार कार्ड की सीडिंग करवाने, नया राशन कार्ड बनवाने, पेंशन स्वीकृति जैसे विभिन्न प्रकरण प्रस्तुत किए गए। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई आयोजित करें, ताकि नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही, समाधान के बाद परिवादी से संवाद कर उसकी संतुष्टि की पुष्टि भी की जाए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 40 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, पंचायती राज, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों के प्रकरण शामिल रहे।

### आमजन अफवाहों पर ध्यान नही दें

## घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त, -जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।।** वर्तमान में मध्य पूर्व एशिया में युद्ध की परिस्थितियों के मध्यनजर भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति संबंधी नवीन दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रुप से जारी रहेगी तथा आमजन को घबराने की आवश्यकता नही है।

इसे लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार



मीना ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों तथा गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर कक्ष में बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि गत 9 मार्च से व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है परंतु घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति का जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों में रसोई गैस की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिले में एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक एवं रसद विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की संयुक्त निगरानी समितियां बनाई गई है। यह कमेटी मांग एवं आपूर्ति के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की स्टॉकिंग, आवाजाही एवं वितरण प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग करेगी तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेगी।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने कहा कि पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण आदि के संबंध में आई शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी संज्ञान लेकर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायत की जा सकेगी। उपभोक्ता मामले विभाग के हेल्पलाइन नंबर 14435 पर भी इस संबंध में शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरत सौकरियां, उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, पुलिस उपधीक्षक टोंक मृत्युंजय मिश्रा, जिला रसद अधिकारी इन्द्रपाल मीना समेत अन्य अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रथमेश-2026
## भगवान ऋषभदेव का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव
# संस्कृति को बचाना है तो बच्चों को धार्मिक संस्कार एवं धार्मिक शिक्षा दें: मुनिवृन्द

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** समग्र जैन समाज की ओर से श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान द्वारा 'जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, युग सृष्ठा भगवान श्री ऋषभदेव का जन्म एवम् तप कल्याणक महोत्सव 'प्रथमेश 2026' आज धूमधाम, हर्षोल्लस के साथ मनाया गया।

संस्थान के संरक्षक पारस सिंघवी व अध्यक्ष निर्मल मालवी ने बताया कि गुरुवार प्रातः 7 बजे जैन धर्म के साधु-सन्तों के सानिध्य में नगर निगम प्रांगण' में 'ध्वजारोहण' किया गया जिसके पुण्यार्जक महावीर,साहिल वनावत थे। समाज प्रमुख शांतिलाल वेलावत, महेंद्र टाया आदि की उपस्थिति में अभूतपूर्व उत्साह के साथ शहर में भ्रमण के लिये शोभायात्रा निकाली गयी। विभिन्न स्थानों पर 20 से ज्यादा स्वागतद्वार लगाये गये जहां पर समाज के महिला पुरूष समूहों में एक साथ खड़े होकर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा 'टाउन हॉल से प्रारंभ होकर सूरजपोल चौराहा, झीणीरेत,मार्शल चौराहा,मंडी की नाल, देहलीगेट, बापू बाजार, होते हुए पुनःटाउन हॉल पहुंच कर धर्मसभा में परिवर्तित हो गयी। सवेरे- सवेरे भी तीखी धूप और भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। जहां-जहां भी स्वागत द्वार बने थे,




श्रद्धालुओं न शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया एवं रत्नत्रयधारी साधुवृन्दों का आशीर्वाद लिया।

शोभायात्रा की भव्यता का अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टाऊन हॉल से प्रारम्भ हुई शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ जब 9.15 बजे के करीब देहलीगेट पहुंची, तो उसके आगे वाला छोर बापू बाजार पार करके टाऊनहॉल पहुंच चुका था। शोभा यात्रा में समाजजन लगातार धर्मध्वज फहराते, महिलाएं हाथों में प्रथमेश की झांकी लेकर भक्ति नृत्य करती चल रही थी। बच्चों से लेकर युवा और वृद्ध सभी का उत्साह तीखी धूप के बावजूद चरम पर था। समाज के प्रमुख संगठनों द्वारा प्रभावना वितरित की गई।

शोभायात्रा में श्री आदिनाथ जिनालय सेक्टर 11 के गुरु सेवा संघ द्वारा जिनेंद्र प्रभु का रथ, घोड़े, बग्गियों, बैंड, ढोल, अग्रवाल बाल मंदिर का घोष, भक्ति महिला संघ का घोष, श्री बीसा नरसिह्मपुरा नवयुवक मंडल का घोष स्वर लहरिया बिखेरते हुए चल रहा था। शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा में आचार्य संघ-आर्यिका संघ 51 से अधिक पिछीधारी संतों का सानिध्य पाकर समाजजन में हर्ष और उल्लास का माहौल था। शोभायात्रा जहां-जहां से भी गुजरी भगवान ऋषभदेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

शोभायात्रा में महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती लीला कुर्दिया, सुशीला कारवां, अर्चना पटवारी, रेखा लोलावत, संगीता गोददोत, निर्मला सोनी आदि के सहयोग से 24 से अधिक जीवंत झांकी, महिला मंडल के घोष, प्रभु के जन्मोत्सव की बधाई का गायन, वादन करते हुए चल रहे थे।

संस्थान के कार्याध्यक्ष शान्तिलाल गांगावत, महामंत्री डॉ.राजेश देवड़ा व मंत्री गौरव गनोडिया ने बताया कि मंगलाचरण के उपरांत उदयपुर नगर में विराजित 'आचार्यकल्प 108 श्री पुण्यसागरजी ससंघ, आचार्य 108 श्री विहर्षसागरजी ससंघ, आचार्य 108 श्री मयंक सागर जी ससंघ ,गणिनी आर्यिका 105 श्री सुभूषणमति माताजी ससंघ, आर्यिका 105 श्री प्रसन्नमति माताजी' की उपस्थिति रही। संस्थान के कोषाध्यक्ष हेमन्द्र दामावत, अशोक गोड़दोत ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात सभी साधर्मी श्रावक-श्राविकाओं के लिये स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी गई।

टाऊन हॉल में आयोजित धर्मसभा में गणिनी आर्यिका 105 श्री सुप्रकाशमति माताजी संसघ एवं आर्यिका 105 श्री प्रसन्नमति माताजी ने अपने धर्मोपदेश में प्रथमेश भगवान ऋषभदेव की महिमा बताते हुए उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने धर्मसभा में उपस्थित माताओं- बहनों से कहा कि बच्चों को संस्कार देना आपका काम है। आज की पीढ़ी की विडम्बना यह है कि उनका झुकाव पाश्चात्य संस्कृति की और ज्यादा हो रहा है। इन्हें रोके बिना हम जैन धर्म को बढ़ावा नहीं दे सकते। हमें हमारी संस्कृति को बचाना है तो बच्चों में धार्मिक संस्कार और उन्हें धार्मिक शिक्षा देना अत्यन्त आवश्यक है। भगवान ऋषभदेव ने हमें जीवन की कला सिखाई है, वही कला आप स्वयं भी सीखें ओर अपने बच्चों को भी वही शिक्षा देकर बच्चों को धर्म संस्कार दें। आज कल के बच्चे माता-पिता के कहने में नहीं होते हैं और उनकी सेवा करना भी उन्हें बोझ लगता है। अगर आप उन्हें भगवान ऋषभदेव के बताये संकार और शिक्षाएं उन्हें देंगे तो निश्चित ही उनके जीने के तरीके में बदलाव आएगा।

उसके बाद धर्मसभा को आचार्यकल्प 108 श्री मयंकसागरजी एवं आचार्य 108 श्री विहर्षसागरजी महाराज ने सम्बोधित करते हुए एक स्वर में समाज की एकता और अखण्डता पर बल दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब वक्त आ गया है कि आप अपने परिवार को बढ़ाएं। कम से कम एक परिवार में चार बच्चे तो होने ही चाहिये। अगर आप अपना परिवार छोटा ही रखोगे तो जैनियों की संख्या कभी नहीं बढ़ पाएगी। आचार्यकल्प 108 श्री पुण्य सागरजी ने कहा कि पहले के समय में एक परिवार में पांच से ज्यादा बच्चे हुआ करते थे। लेकिन आज के समय में हम दो हमारे दो, बाकी को जानें दो। ऐसा करने से काम नहीं चलेगा। आज जैनियों की संख्या आंकड़ों के अनुसरार 45 लाख है, उसका कारण क्या है। कारण यह है कि हम जैनी हमारे नाम के पीछे गौत्र तो लगा देते हैं लेकिन जैन नहीं लगाते हैं। जैन नहीं लगाने से हमारी संख्या की असली पहचान हो ही नहीं पाती। हमें कम संख्या में जानकर लोग हम पर हावी हो रहे हैं। आज भी हमारे कई ऐसे धार्मिक स्थल और तीर्थ हैं जिन पर या तो लोगों ने कब्जा किया हुआ है या वो कब्जा करने की फिराक में घूम रहे हैं। उसका एक ही कारण है कि हमारी संख्या अनुपात में कम हैं। आज हमारी गिनती अगर 45 लाख में होती है और अगर सभी जैन अपने नाम के पीछे गौत्र के साथ जैन लगाना शुरू कर देते हैं हमें 3 करोड़ बनने में देर नहीं लगेगी। आचार्यश्री ने उपस्थित सभी समाजजनों से अपने नाम के पीछे गौत्र के साथ जैन लगाने का भी संकल्प दिलाया।

# अंतर्राष्ट्रीय संस्था सृजन द स्पार्क-अपेक्स का दो दिवसीय सम्मेलन कल से



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था सृजन द स्पार्क-अपेक्स के देश विदेश के सभी चैप्टर्स का दो दिवसीय सम्मेलन 14 एवं 15 मार्च को लोटस रिसोर्ट में आयोजित होगा। जिसमें सभी चैप्टर्स के पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नमित मेहता होंगे।

सृजन द स्पार्क अपेक्स के पदाधिकारीगण के अलावा उदयपुर चौप्टर के पदाधिकारीगण की समारोह की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने हेतु आज संस्था के चीफ पैटर्न प्रसन्न खमेसरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। प्रसन्न खमेसरा ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य संस्था को और अधिक विस्तार देने एवं उदयपुर में निर्माणाधीन अकादमी भवन को विश्वस्तरीय बनानें की प्रक्रिया पर विचार विमर्श होगा। 14 मार्च 2026 की शाम को संस्था का होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है जिसमें इंडियन आयडल कलाकार भव्या पण्डित अपनी प्रस्तुतियां देंगी। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल होंगे।

# डीपीएस उदयपुर के आर्यन शर्मा बने सबसे कम उम्र के पैरा बैडमिंटन सीनियर नेशनल चैंपियन

**उदयपुर।** डीपीएस उदयपुर के 16 वर्षीय छात्र आर्यन शर्मा ने हैदराबाद में 6 से 10 मार्च 2026 तक आयोजित 7वीं पैरा सीनियर नेशनल बैडमिंटन चौंपियनशिप की एस-4 सीनियर कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर लिया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मात्र 16 वर्ष की आयु में आर्यन अपनी सीनियर कैटेगरी के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी रहे। नॉक-आउट प्रणाली में आयोजित इस चैंपियनशिप में आर्यन ने क्वालीफाइंग राउंड से लेकर फाइनल तक लगातार अपने सभी 7 मुकाबले जीतकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने विश्व रैंकिंग में नंबर-4 तथा भारत के नंबर-2 खिलाड़ी सूर्यकांत यादव को सीधे सेटों में 21-13, 21-17 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में आर्यन ने पूर्व ओलंपियन तरुण ढिल्लो को कड़े मुकाबले में 19-21, 21-16, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया था। फइनल मुकाबले में आर्यन शर्मा को विजेता घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि आर्यन ने पिछले वर्ष सितंबर माह में लखनऊ में आयोजित जूनियर एवं सब-जूनियर पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप में भी जूनियर और सब-जूनियर दोनों कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल किया था। इस प्रकार आर्यन शर्मा एक ही वर्ष में जूनियर, सब-जूनियर और सीनियर तीनों कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के सबसे कम उम्र के प्रथम पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए हैं। यह उपलब्धि न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान और देश के लिए गर्व का विषय है। आर्यन की इस शानदार उपलब्धि पर प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उप-प्राचार्य राजेश धाभाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी एवं अभिभावकों को छात्र के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, भीम के जस्साखेड़ा में देर रात हुई घटना

# गारमेंट्स की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** भीम थाना क्षेत्र के जस्साखेड़ा में बीती रात एक गारमेंट्स की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की आशंका शॉर्ट सर्किट के कारण जताई जा रही है। घटना में दुकान के अंदर रखा रेडीमेड कपड़ों का स्टॉक और फर्नीचर पूरी तरह जलकर राख हो गया।जानकारी के अनुसार सिरमां निवासी अजय सिंह जस्साखेड़ा में रेडीमेड कपड़ों की दुकान संचालित करते हैं। सोमवार देर रात करीब 12 बजे वे दुकान बंद कर अपने घर पहुंचे ही थे कि उन्हें फोन पर दुकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था।पीड़ित अजय सिंह ने बताया कि दुकान में करीब 10 से 12 लाख रुपये के रेडीमेड कपड़े व फर्नीचर रखा हुआ था, जो आग की भेंट चढ़ गया। अजय के पिता भगवान सिंह एक साधारण किसान हैं, जिन्होंने खेती-बाड़ी से पाई-पाई जोड़कर अपने बेटे के लिए यह दुकान शुरू करवाई थी। घटना के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आग की सूचना मिलते ही भीम पुलिस और जस्साखेड़ा चौकी का जाब्ता मौके पर पहुंच गया। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसे आसपास की दुकानों में फैलने से रोक लिया। हालांकि तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से घटना का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# मगरीवाड़ा में अवैध रूप से चल रहे दो क्लीनिक सीज

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई में एक गिरफ्तार, एक फरार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** स्वास्थ्य विभाग ने रेवदर क्षेत्र के मगरीवाड़ा में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रहे दो क्लीनिक सीज कर लिए। साथ ही अवैध रूप से उपचार करने के आरोप में एक जने को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दूसरा फरार हो गया। बताया जा रहा है कि विभागीय टीम पहुंचने से पहले ही अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाला फरार हो गया। वहां कोई नहीं मिलने पर टीम ने क्लीनिक सीज कर दिया। कार्रवाई बीसीएमओ डॉ.एसएस भाटी के नेतृत्व में की गई। टीम में डॉ.तेजाराम, औषधि नियंत्रण अधिकारी नरेंद्रकुमार राठौड़ आदि शामिल रहे। विभागीय टीम ने अवैध रूप से उपचार कर रहे बाबूप्रसाद धर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं, फरार हो चुके लक्ष्मणदास माली के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

एक ही गांव में दो अवैध क्लीनिकः बताया जा रहा है कि मगरीवाड़ा गांव में बाबूप्रसाद धर लम्बे समय से बगैर वैध डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहा था। सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की तथा क्लिनिक सीज कर दिया। आरोपी बाबूप्रसाद धर को गिरफ्तार कर लिया गया। गांव में ही अन्य जगह अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल भी सीज किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार बाबूप्रसाद धर बंगाल का रहने वाला है। उसके पास से वोटर आईडी व आधार कार्ड भी मिले हैं। यह कई सालों से यहां क्लीनिक चला रहा था। वहीं, फरार हो चुके क्लीनिक संचालक के बारे में बताया जा रहा है कि वह पाकिस्तानी विस्थापित है।

# सिरोहीः पुलिस प्रशिक्षण में राजेन्द्र सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र झालावाड़ में आयोजित फटबॉल मैच में सिरोही की टीम ने अवार्ड हासिल किया। टीम ने नागौर को तीन गोल से परास्त किया। सिरोही के हैड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक में पदोन्नत पुलिसकर्मी झालरापाटन (झालावाड़) में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां आयोजित नागौर व सिरोही के बीच फुटबॉल मैच करवाया गया। इसमें सिरोही ने नागौर को तीन गोल से हराया। तीनों ही गोल सिरोही के प्रशिक्षु एएसआई राजेंद्रकुमार माली ने लिए। प्रशिक्षण केन्द्र के कमांडेंट ने राजेन्द्र माली को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित करते हुए टीम को सम्मानित किया।

मडरायल से आगई के जोरगढ़ी में आई थी बरात

# सरमथुरा हाइवे पर सड़क किनारे खड़े बरातियों पर चढ़ी पिकअप गाड़ी





## चार बराती घायल,दो की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखण्ड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर आगई थाना क्षेत्र के जोरगढ़ी गांव के पास बुधवार की रात सड़क हादसा हुआ है। अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने सड़क किनारे खड़े चार बारातियों को कुचल दिया है। दुर्घटना में घायल बारातियों में से एक को सरमथुरा से करौली जिला अस्पताल रेफर किया है। वही तीन घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से एक घायल को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। दो घायलों का उपचार बाड़ी सामान्य अस्पताल में उपचार किया गया। घटना को लेकर घायलों के साथ अस्पताल आये करौली के मंडरायल निवासी विजयपाल ने बताया की मंडरायल से एक बारात जोरगढ़ी गांव में आई थी। जिसमें रात करीब 09 बजे बारात चढ़ाई की तैयारी हो रही थी। हाईवे किनारे सभी बाराती खड़े हुए थे। इस दौरान सरमथुरा की तरफ से आई एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने चार बारातियों को कुचल दिया।

घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घायल बरातियों में से एक मोनू पुत्र लक्ष्मण को पास के सरमथुरा सीएचसी भेजा गया। जहां से उसे करौली जिला अस्पताल रेफर किया है। तीन बाराती रोहित पुत्र जयपाल राजपूत,अभिषेक पुत्र विष्णु पाल और गौरव सिंह पुत्र संता सिंह को हाइवे एम्बुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से अभिषेक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। गौरव और रोहित का बाड़ी अस्पताल में उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आंगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले की जांच के साथ आरोपित पिकअप चालक और गाड़ी की तलाश की जा रही है।

घरेलू एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति भी सामान्य

# गैस सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी पर कसेगी नकेल

## व्यवस्थाओं के लिए जिलास्तरीय निगरानी कमेटी गठित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** जिले में घरेलू एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। वहीं, आपूर्ति भी सामान्य एवं सुचारू रूप से चल रही है। व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए जिला स्तरीय निगरानी कमेटी गठित की गई है, ताकि जमाखोरी व कालाबाजारी पर अंकुश लग सके। व्यवसायिक एवं घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति के सम्बंध में गुरुवार को गैस एजेंसी धारकों की बैठक ली गई, जिसमें जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने आपूर्ति के सम्बंध में निर्देशित किया। कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो ये सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही एलपीजी एवं पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी व कालाबाजारी पर विशेष निगरानी रखी जाएं। ऐसे मामले पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

वहीं, जिला स्तरीय निगरानी कमेटी गठित की गई, घरेलू गैस सिलेंडर की स्टॉकिंग, आवाजाही एवं वितरण प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग करेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम भी की जाएगी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर से सम्बन्धित जानकारी या सुझाव के लिए तीन हेल्पलाइन नंबर 112/181/1445 भी जारी किए गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने ली जलदाय विभाग की बैठक

# गर्मी शुरू हो रही है, 48 घंटे में आपूर्ति जारी रहनी चाहिए- देवनानी

**अजमेर ( मोहित जैन )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जलदाय विभाग को सख्त हिदायत दी है कि गर्मी के मौसम में अजमेर शहर में 48 घंटे में जलापूर्ति किसी भी तरह बाधित नहीं होनी चाहिए। अधिकारी फील्ड में रहें और लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जेईएन व एईएन अधिकारियों के कामकाज में लापरवाही पर नाराजगी जताई और कहा कि आमजन के काम गंभीरता से करें। उन्होंने बजट घोषणाओं की भी समीक्षा की और कहा कि कामकाज में तेजी लाएं।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सर्किट हाऊस में जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मी जल्द शुरू हो गई है। जुलाई तक मौसम गर्म रहेगा। पानी की खपत बढ़ेगी, यह विभाग के लिए चुनौती भरा समय है। अजमेर को आगे से पर्याप्त जलापूर्ति हो रही है। ?से में शहर में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अफसर फील्ड में रहें और नियमित मॉनिटरिंग करें। आमजन को 48 घंटे में पानी मिलना चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने बैठक में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से अमृत योजना 2.0 की प्रगति, ग्राम माकड़वाली और लोहागल में नवनिर्मित पानी की टंकी से सप्लाई चालू करने की वस्तुस्थित, बोराज रावत नगर, ईदगाह, मिलिट्री स्कूल नवनिर्मित पानी की टंकी से सप्लाई की प्रगति, वरूण सागर से फिल्टर प्लांट तक बिछाई जा रही पाइप लाइन की प्रगति एवं लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कार्यों की जानकारी ली गई। देवनानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले गर्मी के मौसम में क्षेत्र की जनता को पेयजल के लिए परेशान ना होना पड़े इसकी पर्याप्त मॉनिटरिंग करें।

अधिकारियों द्वारा जोन के अनुसार लगने वाले बल्क मीटर की स्थिति, नगर निगम, अजमेर में परिसीमन में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति हेतु बजट घोषणा अनुसार डीपीआर बनाने की कार्यवाही, बजट घोषणा में हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल की प्रगति से अवगत कराया गया।

देवनानी ने बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत अजमेर शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना स्टेज द्वितीय (फेज-द्वितीय) के अन्तर्गत कॉमन इनटेक वेल, विथ रॉ वाटर ट्रान्समिशन लाइन जल शोधन संयंत्र मय क्लियर वाटर ट्रान्समिशन लाइन एवं स्वच्छ जलाशय निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने इसी प्रकार अजमेर शहर की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति के लिए 270 करोड रूपए की लागत से सर्विस रिर्जवायर निर्माण तथा नसीराबाद से नौसरघाटी -कोटड़ा क्षेत्र तक पाईपलाई का कार्य, केकड़ी क्षेत्र में थड़ोली से केकड़ी के मध्य भांसू गांव के समीप 24 करोड़ 81 लाख रुपये से पाइप लाइन का कार्य, अजमेर क्षेत्र में गोयला से नसीराबाद के मध्य 34 करोड़ 95 लाख रुपये से पाइप लाइन का कार्य, अजमेर व केकडी के लिए 5 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से थडोली, केकड़ी, गोयला एवं नसीराबाद पम्प हाउस को डबल फीडर से जोड़कर बस ट्रांसफर सिस्टम लगाने का कार्य, बीसलपुर पेयजल योजना में अजमेर (फेज-3), जयपुर (फेज-2) के लिए 265 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से कॉमन इंटेक वैल मय ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन, बढ़ती गर्मी को देख पेयजल समस्याओ पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** हर महीने के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन गुरुवार को शहर के पंचायत समिति स्थित अटल सेवा केंद्र पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने की। करीब 4 घंटे चली इस बैठक में कुल 23 परिवाद अधिकारियों के सामने पेश हुए। जिनमें से 09 परिवादो का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बताया कि मार्च महीने में ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। ऐसे में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। जहां पानी की व्यवस्था नहीं है वहां वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं। जो हैंडपंप लगे है। उनका एक बार मौका निरीक्षण कराया जाये, खराब पड़े हेडपम्पो की तुरंत मरम्मत की जाए।

# भगवान आदिनाथ के कल्याणक पर मानवता की सेवा, 1100 जरूरतमंदों को कराया भोजन

## श्री विद्यासागर युवा संगठन की पहल, युवाओं ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर विद्यासागर युवा संगठन द्वारा विशाल भोजन सेवा का आयोजन कर मानवता की मिसाल पेश की गई। इस सेवा प्रकल्प के तहत महावीर कीर्ति स्तंभ, अजमेरी गेट के बाहर 1100 से अधिक जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया संगठन के अध्यक्ष कमल जैन, मंत्री कल्पेश जैन और संगठन मंत्री अमित गोधा ने बताया कि भगवान आदिनाथ के दान, त्याग और सेवा के आदर्शों से प्रेरित होकर यह सेवा कार्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर अतिथियों द्वारा भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण और दीप प्रज्वलन किया गया इस अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला, मंत्री विजय फागीवाला सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य और संगठन के युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की नवीन कार्यकारिणी में कपासन क्षैत्र के कार्यकर्ताओं को मिला अवसर





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की नवीन कार्यकारिणी में कपासन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा हर्ष करते हुवे शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जानकारी अनुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन हरिसहाय यादव के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी चितौड़गढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी गयी है।उक्त नवीन कार्यकारिणी में जिला कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष पद पर भवानीशंकर लोहार (कपासन),कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग ब्लॉक ए अध्यक्ष सत्यनारायण तेली,कांग्रेस ब्लॉक बी अध्यक्ष मुकेश जाट (मूंगाना) एवं नगर अध्यक्ष पद राकेश आचार्य को नियुक्त किया गया है। यहां कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी में कपासन क्षैत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अवसर मिलने से कांग्रेसी खेमे में हर्ष व्याप्त है।क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने सहित कांग्रेस संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# शहीद सुरेश जैन व रतन लाल सेन को दी श्रद्धांजलि, शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर के तत्वावधान में गुरुवार को सांगानेरी गेट स्थित शहीद चौक स्मारक पर शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान 12 मार्च 1991 को बलिदान हुए राम भक्त सुरेश जैन और रतन लाल सेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि राम जन्मभूमि आंदोलन में बलिदान देने वाले राम भक्तों की स्मृति में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर शहीद सुरेश जैन के भाई शांतिलाल जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया, अखिलेश व्यास, विभाग से विजय ओझा, महानगर से ओमप्रकाश लड्ढा, मुकेश प्रजापत, भारत गेंगट, सौम्या मेहता तथा प्रखंड से लक्ष्मण सिंह, प्रेम कुमार सेन सहित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र व धर्म के प्रति समर्पण की भावना बनाए रखने का संकल्प लिया।

## नगरपालिका व थाने में कौन है यह दलाल

# सरकारी चौखटों पर सफेदपोश दीमक 'दलालो' का पहरा

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( सुरेश मोमिया )।** झालरापाटन की ऐतिहासिक शहर में में आजकल एक नई तरह की दुर्गंध फैल रही है, यह दुर्गंध है 'दलाली' की। पुलिस स्टेशन से लेकर सभी सरकारी कार्यालयों तक,खासकर नगरपालिका के बाहर लगी दूकानों व थाने के आस पास इन 'बिचौलियों' का जमावड़ा किसी समानांतर सरकार से कम नहीं लगता। ये दलाल जनता और न्याय के बीच वह अभेद्य दीवार बन गए हैं, जिसे पार करने के लिए गरीब की जेब कतरना अनिवार्य हो गया है।

विडंबना देखिए, जहां एक तरफ जिला पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया जिले में पनप रहे बड़े भ्रष्टाचारो का खुलासा कर अपराधियों के खिलाफ मुहिम चला रहे है वही जहाँ कानून की रक्षा होनी चाहिए, वहाँ दलालों का जाल सबसे गहरा है। पुलिस थाने के बाहर खड़े ये सफेदपोश दलाल तय करते हैं कि किसकी रिपोर्ट दर्ज होगी और किसे आपसी समझौते के नाम पर धमकाया जाएगा। एक आम आदमी जब सीधे थाने जाता है, तो उसे घंटों इंतजार और पुलिसिया बेरुखी मिलती है। वही व्यक्ति जब दलाल के माध्यम से पहुँचता है, तो उसके लिए साहब की कुर्सी खाली हो जाती है। तहसील कार्यालय हो या नगरपालिका दलाल के बिना एक कागज का हिलना भी नामुमकिन सा हो गया है। खिड़कियों पर बैठी आम जनता को नियम-कायदों के जाल में उलझाया जाता है, ताकि वे थक-हारकर दलाल की शरण में चले जाएं।

दलालों का फलना-फूलना बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं है। यहाँ जिम्मेदार अधिकारी यह भूल जाते हैं कि उन्हें मिलने वाला वेतन जनता के टैक्स से आता है। जब एक अधिकारी अपने चेंबर में बैठकर बाहर खड़े दलाल को मूक सहमति देता है, तो वह केवल भ्रष्टाचार नहीं कर रहा, बल्कि अपनी वर्दी और पद की गरिमा का सौदा कर रहा है। अगर किसी कार्यालय के बाहर रोज वही चेहरे नजर आते हैं जो जनता से पैसे वसूल रहे हैं, और अधिकारी कहते हैं कि उन्हें 'पता नहीं', तो यह उनकी घोर प्रशासनिक विफलता है। या तो आप इतने 'नादान' हैं कि अपनी नाक के नीचे हो रहा अपराध नहीं देख पा रहे, या फिर आपका जमीर उस दलाली के हिस्से में बिक चुका है। जनता के सेवक कहलाने वाले ये अधिकारी दलालों के लिए 'मैनेजर' की भूमिका में आ गए हैं। जब तक फाइल पर दलाल का मार्का नहीं होता, तब तक अधिकारी की कलम स्याही नहीं छोड़ती। यह व्यवस्था का कोढ़ है जिसे अधिकारियों ने खुद पाला है। जनता को अब जागरूक होना होगा, जब तक हम जल्दी काम करवाने के चक्कर में इन बिचौलियों को पैसे देते रहेंगे, यह तंत्र और सड़ता रहेगा। अधिकारियों को याद रखना चाहिए कि उनकी कुर्सियाँ स्थायी नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा किया गया भ्रष्टाचार और जन-शोषण इतिहास के काले पन्नों में जरूर दर्ज होगा। सरकारी कार्यालयों के बाहर खड़े ये दलाल उन गिद्धों की तरह हैं, जो किसी लाचार व्यक्ति को देखते ही उस पर झपट पड़ते हैं। रजिस्ट्री करवानी हो, लाइसेंस बनवाना हो या कोई प्रमाण पत्र, इन बिचौलियों ने हर मेज की एक 'कीमत' तय कर रखी है। इन्होंने व्यवस्था को इतना जटिल बना दिया है कि बिना इनकी सेवा लिए एक साधारण फाइल भी आगे नहीं खिसकती। अब उन अधिकारियों का मुखौटा उतारा जाए जो बंद कमरों में बैठकर इस गंदे खेल का आनंद ले रहे हैं। अधिकारियों की यह प्रशासनिक नपुंसकता केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के साथ गद्दारी है। अधिकारी यह याद रखें कि जो पैसा ये दलाल जनता से काम करवाने के नाम पर लूट रहे हैं, वह किसी गरीब की खून-पसीने की कमाई है। जब आप दलाल के मार्फत फाइल पर हस्ताक्षर करते हैं, तो आप केवल कागज नहीं साइन करते, बल्कि आप उस भ्रष्ट तंत्र के हिस्सेदार बनते हैं जो इस देश को अंदर से खोखला कर रहा है। हर दफ्तर के बाहर 'दलाल मुक्त क्षेत्र' का बोर्ड केवल दिखावे के लिए न हो, बल्कि वहां तैनात अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए । जनता का चुप रहना अपराध है इस 'दलाल राज' को खत्म करने के लिए केवल शिकायत काफी नहीं है, बल्कि कड़े प्रहार की आवश्यकता है । हर कार्यालय के प्रवेश द्वार और गलियारों की फुटेज सीधे उच्च अधिकारियों और जिला कलेक्टर के नियंत्रण में होनी चाहिए। परिसर में बिना काम के घूमने वाले बाहरी व्यक्तियों पर सख्त पाबंदी लगे और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई हो। कार्यालयों के अधिकारी अपनी वर्दी और कलम की इज्जत पहचाने, वरना इतिहास आपको लोक सेवक नहीं, दलालों का एजेंट कहेगा। सी सी टीवी कैमरे खंगाले जाय तो नगरपालिका के बाहर लगी कुछ दुकानें पर इनका जमावड़ा नजर आयेंगा खास बात यह है यह भूमी शाखा में विशेष रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पट्टे बनवाना हो या गैर कानूनी तरीके से फाईल को इंद्राज करवाना हो चंद रुपए व्यय कर आसानी से काम निकलाया जा सकता है।

# अजमेर मंडल पर अब तक 900 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रैक की फेंसिंग पूरी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** रेल संरक्षा की दृष्टि गत अब तक अजमेर मंडल में कुल 910 किलोमीटर फेसिंग रेलवे ट्रैक के साथ बनाई जा चुकी है। संरक्षा और सुरक्षा सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता रही है। संरक्षा व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जाते रहे हैं। रेल संचालन सुरक्षित हो इसके लिए ट्रैक रिन्यूअल व पुलों का सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य सतत रूप से किए जाते हैं । इसके अलावा ट्रेनों की गति बढ़ने के पश्चात ट्रैक पर जानवरों अथवा इंसानों के चपेट में आने और दुर्घटना की संभावनाएं ज्यादा रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए अजमेर मंडल के 910 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर फेंसिंग(सुरक्षा बाड़) लगाई गई है जिसके अंतर्गत 358 किलोमीटर स्थाई फेंसिंग तथा 552 किलोमीटर अस्थाई फेंसिंग लगाई गई है ताकि जानवरों को ट्रैक पर आने से रोका जा सके और आमजन भी सीधे रूप में पटरी पर ना आ पाए। रेल प्रशासन अपील करता है कि आमजन सीधे रूप से रेलवे ट्रैक पार न करें, सदैव फुट ओवर ब्रिज या रेल फाटक का ही उपयोग करें।




अजमेर मंडल के रेलवे ट्रैक पर फेंसिंग (सुरक्षा बाड़) लगाई जा रही है जिससे पशुओं के ट्रेन से कटने की घटनाओं की रोकथाम में मदद मिली है और ट्रेनों का सुरक्षित व सुगम संचालन हो सका है । अजमेर -पालनपुर रेलमार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार 110 से बढ़ाकर 130 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी गई है । अब पशुओं की रेलवे ट्रैक पर आने की रोकथाम के लिए रेल प्रशासन ने स्थाई फेंसिंग का निर्णय लिया जिससे इस मार्ग पर ट्रेनों की गति भविष्य में 160 किलोमीटर प्रति घंटा की जा सके।

इस सम्बन्ध में मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने कहा की आवारा पशु ट्रैक पर आ जाते और दुर्घटना का शिकार हो जाते है जिससे पशुधन की हानि होती है, ट्रेन के पटरी से उतरने की संभावना भी रहती है और ट्रेन संचालन मे बाधा भी उत्पन्न होती है। इस कारण रेलवे ट्रैक पर फेंसिंग (सुरक्षा बाड़) की जा रही है ताकि पशुओं व आमजन का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सके और निर्बाध रेल संचालन के फलस्वरूप यात्रिओं के अमूल्य समय की बचत भी हो सके ।

# भाजपा का कुटुंब सम्मेलन 15 मार्च को, तैयारियां चरम पर

## प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई मंत्री व जनप्रतिनिधि होंगे शामिल कार्यकर्ताओं में उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** होली पर्व के अवसर पर 15 मार्च को प्रस्तावित भाजपा ब्यावर विधानसभा कुटुंब सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे इसके अलावा प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत तथा क्षेत्रीय विधायक और जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी है भूतड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए पिछले 15 दिनों से कार्यकर्ता सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हैं। विभिन्न संस्थाओं, समाजों और पार्टी के वरिष्ठजनों के साथ पत्रकारों को भी व्यक्तिगत निमंत्रण दिए जा रहे हैं। साथ ही विधानसभा के छह मंडलों में कार्यकर्ताओं का अग्रिम पंजीकरण किया जा रहा है, जिसमें अब तक 1200 से अधिक कार्यकर्ता पंजीकरण करा चुके हैं और यह संख्या 1500 से अधिक होने की उम्मीद है दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। भूतड़ा ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि जिन्होंने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं कराया है, वे शीघ्र ही मंडल स्तर पर रजिस्ट्रेशन कराकर परिचय पत्र प्राप्त करें, जिससे कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा सकें।

# ब्यावर के दो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

## ऋषि लाम्बा बने प्रदेश कॉर्डिनेटर, शाकिर कुरैशी को प्रदेश सह सचिव का दायित्व

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग इमरान प्रतापगढ़ी तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट एम.डी. चोपदार द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में ब्यावर जिले से सेवादल जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा को प्रदेश कॉर्डिनेटर तथा शाकिर कुरैशी को प्रदेश सह सचिव नियुक्त किया गया है।





दोनों नेताओं की नियुक्ति पर ब्यावर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। कांग्रेसजनों ने इसे जिले के लिए सम्मान बताते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी, विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राधिका शर्मा, कांग्रेस नेत्री जानवी भरवानी, सेवादल महिला अध्यक्ष एडवोकेट उर्मिला करवरिया, प्रदेश महिला सचिव एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि ऋषि लाम्बा और शाकिर कुरैशी प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे।

# सेवा और संस्कारों के साथ मनाया जाएगा आर्य समाज का 151वां स्थापना दिवस

## 18 से 24 मार्च तक 'सामाजिक सरोकार सेवा सप्ताह' के तहत यज्ञ, नागरिक अभिनंदन और सेवा कार्यों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर आर्य समाज के 151वें स्थापना दिवस और वैदिक नववर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज, ब्यावर द्वारा 18 से 24 मार्च 2026 तक 'सामाजिक सरोकार सेवा सप्ताह' मनाया जाएगा। इस संबंध में आर्य समाज की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक आयोजित कर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं । मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आर्य समाज ब्यावर, दयानंद आर्य बालिका महाविद्यालय, गोदावरी आर्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा महर्षि दयानंद बाल मंदिर स्कूल को रोशनी से सजाया जाएगा।

आर्य समाज के प्रधान भूदेव आर्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा 1875 में स्थापित आर्य समाज का स्थापना दिवस यज्ञ, भजन, प्रवचन और नागरिक अभिनंदन के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। बैठक में महेश गुप्ता, ओमप्रकाश नवाल, डॉ. लालचंद हेडा, अभयदेव आर्य, वैभव तोषनीवाल, बृजेश मालू, कैलाश छिपा, गिरीश पंजाबी, विजय काबरा, लोकेश धूत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आगामी चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर कपासन का प्राचीन शक्तिपीठ श्री मूला मातारानी का दरबार आकर्षक एवं रंगबिरंगी सजावट से हो रहा तैयार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर के राजमार्ग स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन शक्तिपीठ श्री मूला मातारानी के दरबार में आयोजित होने वाले दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर आकर्षक साज-सजावट एवं रंगबिरंगी विद्युत व्यवस्था के साथ श्री मूला मातारानी के दरबार को सजाकर तैयार किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के राजमार्ग स्थित श्री मूला माता मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि मेले का आयोजन किया जायेगा।जिसके तहत आगामी 19 मार्च को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उक्त चैत्र नवरात्रि मेले का भव्य शुभारंभ किया जायेगा।उक्त दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु प्रतिदिन मेले के रंगमंच पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं परंपरागत राजस्थानी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इधर श्री मूला माता मंदिर विकास समिति अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने दैनिक बढ़ता राजस्थान प्रतिनिधि को संपर्क में बताया कि दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में श्री मूला मातारानी के दर्शनों हेतु आसपास एवं दूरदराज क्षेत्रों से आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे के माध्यम से मातारानी का महाप्रसाद उपलब्ध रहेगा।जिससे मातारानी के भक्तगण लाभान्वित होंगे।साथ ही इस दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले का आगामी 19 मार्च को शुभारंभ एवं 28 मार्च को बगड़ावत मंचन कार्यक्रम सहित 51 फिट रावण के पुतले का दहन भव्य आतिशबाजी के साथ करके मेले का समापन होगा। उल्लेखनीय है कि आगामी चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर नगर कपासन के राजमार्ग से श्री मुला माता मंदिर तक श्री मुला माता मंदिर विकास समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक विद्युत साज-सजावट सहित श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था की जा रही है।जिससे आगंतुक मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।




# संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा ब्रज की होली रंगोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न

## शीतलाष्टमी पर्व पर माहेश्वरी समाज के बनने वाले 2 आईएएस को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा आयोजित ब्रज की होली के साथ ही अभिनंदन समारोह एवं भजन एवं रंगोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। साथ ही समाज का सुहिक भेज रख गया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का अभिनंदन करने के साथ-साथ भक्ति संगीत और रंगोत्सव के माध्यम से ब्रज की होली की पारंपरिक झलक देखने को मिली। इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष श्याम लाल डाड एवं मंत्री दिनेश कोगटा में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के पूजन एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिसमें राष्ट्रीय अर्थ मंत्री राजकुमार कालिया, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी मंत्री संजय जागेटिया सहित रामकिशन सोनी, महेंद्र काकानी, राजेंद्र पोरवाल, अभिजीत सारडा के साथ ही विभिन्न क्षेत्रिय सभा के प्रदाधिकारी उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त ने की रूपवास में जनसुनवाई

# सभी विभाग त्रिस्तरीय जनसुनवाई को गम्भीरता से लेकर आमजन को राहत दें-नलिनी कठोतिया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में पंचायत समिति रूपवास में भाग लेकर आमजन के परिवाद सुने तथा संबन्धित अधिकारियों से वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी लेकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर समयबद्धता से निराकरण किया जाये जिससे बार-बार कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पॉर्टल पर दर्ज समस्या हो या कार्यालय में नियमित सुनवाई के समय प्राप्त हुई हो अधिकारी स्वयं के स्तर पर जांच कर संवेदनशीलता से समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रभावित करने वाली मूलभूत सुविधाओं से संबन्धित समस्याओं का त्वरित निराकरण कर परिवादी को विभागीय कार्यवाही से भी अवगत कराऐं। उन्होंने मौसम को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, पेयजल उपलब्धता के लिए संबन्धित विभागों को कार्ययोजना बनाकर सुदृढ व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रबी फसल कटाई का समय है ऐसे में अग्निजनित घटनाऐं नहीं हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। सभी चिकित्सा संस्थानों में मौसम जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मुख्यालय पर रखने के लिए पाबंद करें।

संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई करते हुए अतिक्रमण से संबधित परिवादों में तहसीलदार को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विभिन्न योजनाओं के पात्रजनों के दस्तावेज तैयार करने में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने की बात कही। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों से संबंधित शिकायतों के लिए प्रवर्तन अधिकारी को जांच कर पात्रता के आधार पर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील से संबंधित 07, विद्युत निगम से संबंधित 03, रसद विभाग की 04, चम्बल परियोजना से संबंधित 02, पंचायती राज, जलदाय विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर पालिका से संबंधित 01-01 परिवाद प्राप्त हुए जिनका समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रूपवास विष्णु बंसल, खंड विकास अधिकारी कोमल शर्मा, तहसीलदार अमित शर्मा सहित उपखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# भाजपा की दीनदयाल प्रशिक्षण कार्यशाला आज

## भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा0 वीरेन्द्र पचौरी ने दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 13 मार्च प्रातः 11 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर किया जा रहा है । जिला मीडिया प्रभारी डॉ . वीरेंद्र पचौरी ने बताया कि कार्यशाला में जिले में निवास करने वाले सभी प्रदेश पदाधिकारी ,जिला पदाधिकारी ,सांसद, पूर्व सांसद, विधायक , पूर्व विधायक, मोर्चा अध्यक्ष , प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष तथा उनके संयोजक एवं सह संयोजकों को आमंत्रित किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी ने बताया कि महा अभियान की कार्यशाला में कुल सात सत्र होंगे जिसमें प्रस्तावना सत्र में वक्ता जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा रहेंगी । प्रथम सत्र में पार्टी का इतिहास एवं विकास की जानकारी पूर्व प्रदेश मंत्री भानू प्रताप सिंह राजावत देंगे जबकि द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया के वक्ता विधायक जगत सिंह , तृतीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान के वक्ता विधायक नोक्षम चौधरी , चतुर्थ सत्र में पार्टी की कार्य प्रणाली के वक्ता विधायक डॉ . शैलेश सिंह , पंचम सत्र में मन की बात के वक्ता प्रवेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी रहेंगे जबकि बूथ प्रबंधन पर जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल प्रकाश डालेंगे स छठे सत्र में कार्यकर्ता विकास के वक्ता गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम तथा सप्तम और अंतिम सत्र व्यावहारिक सत्र के वक्ता विधायक बहादुर सिंह कोली रहेंगे ।अंतिम सत्र में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के द्वारा किया जाएगा जबकि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदान करेंगे । प्रदेश अध्यक्ष लगभग शाम 4 बजे भरतपुर पहुंच सकेंगे ।

# गृह राज्य मंत्री ने की मुख्यमंत्री के भरतपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा

## राजस्थान दिवस को गरिमामय ढंग से मनाने हेतु दिए विशेष दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को डीग जिले के जालूकी चौराहा पर क्षेत्र के नागरिकों एवं आमजन से भेंट कर उनकी कुशल-क्षेम जानी। जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए गृहराज्य मंत्री ने आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता का स्नेह और विश्वास ही विकास कार्यों की मुख्य प्रेरणा है।

### राजस्थान दिवस एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रसार

गृहराज्य मंत्री ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर ब्रज संस्कृति के अनुरूप विशेष आयोजन करने का सुझाव दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि इस पावन अवसर पर 51 या उससे अधिक कन्याओं का तिलक लगाकर एवं ब्रज परंपरा के अनुसार अभिनंदन किया जाए। उन्होंने पंचायत समिति एवं उपखंड कार्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में क्षेत्रीय संस्कृति के प्रतीक श्बम वादनश् को सम्मिलित करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नगर पालिका, कलेक्ट्रेट और सार्वजनिक स्थलों पर विद्युत सज्जा, मंदिरों में रंगोली, महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### भ्रामक सूचनाओं पर अंकुश एवं जन-संवाद

गृह राज्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि आमजन किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं या अफवाहों के प्रभाव में न आएं। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर प्रामाणिक जानकारी साझा करने के निर्देश दिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वां ने संपर्क पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण पर अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परिवादियों को दिए जाने वाले उत्तर पूर्णतः तथ्यपरक, सटीक एवं संतोषजनक होने चाहिए।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की उच्च स्तरीय समीक्षा

बृजनगर से डीग जिले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गृह राज्य मंत्री ने आगामी 18 मार्च को भरतपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लाभार्थियों को सभा स्थल तक लाने हेतु परिवहन के सुगम प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करे कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

समीक्षा के दौरान एलपीजी वितरण एवं अन्य जनहितकारी विषयों पर भी चर्चा की गई।

# रेडक्रॉस सर्कल से रेलवे स्टेशन रोड को 4 लेन करने का सुझाव

## रेलवे स्टेशन से सेक्टर-3 तक नई वैकल्पिक सड़क बनाने की मांग

समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर शहर में प्रस्तावित रेलवे स्टेशन रोड के चौड़ीकरण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने अपने पत्र में भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेडक्रॉस सर्कल से रेलवे स्टेशन तक प्रस्तावित 6 लेन सड़क के स्थान पर 4 लेन सड़क बनाने का सुझाव दिया है, ताकि क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय संस्थानों को अनावश्यक नुकसान से बचाया जा सके। गुप्ता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेडक्रॉस सर्कल से रेलवे स्टेशन तक की सड़क को 6 लेन में परिवर्तित करने की प्रक्रिया चल रही है। यदि इस सड़क का इतना अधिक चौड़ीकरण किया जाता है, तो इसके आसपास स्थित कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानों को नुकसान होने की संभावना है। इससे स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों को आर्थिक व सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि रेलवे स्टेशन के पास स्थित दलवीर सिंह की भूमि, जिसका अधिग्रहण बीडीए द्वारा किया गया है, से लेकर सेक्टर-3 स्थित राज गार्डन तक एक नई वैकल्पिक सड़क का निर्माण कर दिया जाए, तो रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले लोगों के लिए एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो जाएगा। इस नई सड़क के बनने से रेडक्रॉस सर्कल से स्टेशन रोड पर यातायात का दबाव काफी कम हो जाएगा। गुप्ता ने कहा कि जब स्टेशन तक पहुंचने के लिए सेक्टर-3 के माध्यम से एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, तो रेडक्रॉस सर्कल से रेलवे स्टेशन तक की सड़क को 6 लेन में परिवर्तित करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ऐसी स्थिति में इस मार्ग को 4 लेन में ही विकसित किया जा सकता है, जिससे सड़क के चौड़ीकरण के कारण होने वाली तोड़फोड़ से व्यापारिक संस्थानों को बचाया जा सकेगा।

# रारह की सरपंच कुसुम सिंह को महिला बीकन लीडर राष्ट्रीय अवार्ड से समानित

## नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान से एकमात्र सरपंच को मिला सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** नई दिल्ली के अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अंतर्गत पंचायतों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में आदर्श ग्राम पंचायत रारह (जिला डीग, राजस्थान) की सरपंच श्रीमती कुसुम सिंह को 'महिला बीकन लीडर' राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवार्ड दिया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से लगभग 700 महिल सरपंचों एवं महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्धेश्य पंचायतों में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना, उनके अनुभवों का आदान-प्रदान कराना तथा ग्रामीण विकास और सुशासन मे महिलाओं की भूमिका को और मजबूत बनाना है।

सम्मेलन के दौरान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों में से देश के प्रत्येक राज्य से एक-एक 'महिला बीकन लीडर' का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राजस्थान राज्य में एकमात्र आदर्श ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। कुसुम सिंह को यह सम्मान ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी नेतृत्व, महिला सशक्तिकारण के प्रयास, जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, सामाजिक समरसता को बढ़ावा दने तथा ग्राम पंचायत रारह को महिला हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए किए गए उललेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

सम्मेलन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से पंचायत प्रशासन, ग्राम विकास, स्वाच्छता, शिक्षा स्वास्थ्य, मलिा जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और नेतृत्व की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। अपने उद्बोधन में सरपंच कुसुम सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि ग्राम पंचायत रारह की समस्त जनता, सहयोगियों और ग्रामवासियों के विश्वास एवं सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने से ग्रामीण विकास की गति और अधिक तेज हो सकती है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों तथा ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सरपंच कुसुम सिंह को हार्दिक बधाई एवं सुभकामनाएँ दी हैं। लोगों का कहना है कि यह सम्मान ने केवल ग्राम पंचायत रारह बल्कि पूरे डीग जिले और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# रसोई गैस की बढ़ी कीमतों एवं कॉमर्शियल सिलेंडर की बिक्री पर लगाई रोक को लेकर कांग्रेस सरकार ने किया भाजपा सरकार का पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस की बढ़ाई गई कीमतों एवं कॉमर्शियल सिलेंडर की बिक्री पर रोक लगाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में बिजली घर चौराहा भरतपुर पर जिले के समस्त कांग्रेस जनों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में पुतला दहन से पहले एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए दयाचंद पचौरी,सतीश प्रधान, प्रशांत उपाध्याय,श्रीभगवान कटारा एवं बबीता शर्मा सहित कई वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए भाजपा सरकार को जन विरोधी बताते हुए कहा कि रसोई गैस के दामों को बढ़ाकर केंद्र सरकार ने आम घरों का बजट बिगाड़ दिया है तथा यह विवाह शादियों का सीजन है ऐसी स्थिति में होटल एवं मैरिज होम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता न हो होने की वजह से पहले कराई हुई विवाह शादियों की बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं, जिससे आम आदमी को बेहद कठिनाई एवं असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार की कमजोर विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका, इजरायल एवं ईरान में हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को संरक्षित रखने में केंद्रीय भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप देश में अचानक महंगाई का पारा आसमान छू गया है। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। ऐसी जन विरोधी सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम आदमी के हितों की रक्षा करने में विफल रहने पर नैतिकता के आधार पर अपने पद का त्याग कर देना चाहिए। केंद्रीय भाजपा सरकार कि इस जन् विरोधी निर्णय के विरोध में प्रदेश के आम नागरिक की आवाज को बुलंद करने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे राजस्थान में समस्त जिला मुख्यालयों पर आज और कल ऐसे विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहे हैं। भरतपुर में संपन्न इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता ने भी अपनी सहभागिता निभाई। सभा का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। सभा में लोगों ने गैस की हो रही कालाबाजारी के विरोधस्वरूप अपने खाली सिलेंडरों को भी सभा में लाकर रख दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश धावई, रामेश्वर सैनी,मनोज शर्मा, दीनदयाल जाटव, निरंजन जघीना, मुकेश पप्पू, लोकपाल सिंह, राजेंद्र सारस्वत, हरिमोहन शर्मा, दाऊदयाल जोशी, मुस्ताक अहमद, शहीद खान, विजेन्द्र चीमा, दिगम्बर खटाना, आशीष राजपूत, गजराज सिंह, अभिषेक जैन, पुष्पेंद्र बन्नो, अजयपाल दारापुरिया, रोहित चौधरी, अबधेस शर्मा, बृजभूषण जाटव, सुरेश पदयात्री, नदीम मलिक, वशीर खान, रामबाबू धाकड़, चंद्रकांत शर्मा, वीरेंद्र नागर, गिरीश जौहरी, सतपाल सरदार, गौरव जैन, राहुल खंडेलवाल, अभिषेक चंदवारी सहित काफी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सत्य,अहिंसा संदेश के साथ गांधी जीवन दर्शन ने निकाली ऐतिहासिक यात्रा -डॉ दयाचंद पचौरी




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह के तहत दांडी मार्च की 96 वीं वर्षगांठ पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति भरतपुर द्वारा जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में दांडी मार्च की स्मृति में दांडी यात्रा शांति मार्च का आयोजन कोतवाली से गांधी पार्क तक कर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के दौरान उपस्थित गांधीवादी विचारको को संबोधित करते हुए जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के दिन 12 मार्च 1930 को गांधी ने अंग्रेज सरकार के नमक पर एकाधिकार के लिए लगाए जाने वाले टैक्स के विरुद्ध दांडी यात्रा की शुरुआत की थी। दांडी यात्रा की स्मृति में आज हम सभी ने मिलकर कोतवाली चौराहे से वासन गेट,अभिनंदन मैरिज होम होते हुए गांधी पार्क तक शांति मार्च का आयोजन किया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ दयाचंद पचौरी ने संबोधन देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा सत्य अहिंसा और स्वराज के संदेश के साथ प्रारंभ की गई ऐतिहासिक दांडी मार्च की स्मृति में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की यात्रा से एक नया संदेश आम जनता तक पहुंचेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की याद में किया जा रहा है।

अंग्रेजी हुकूमत की तानाशाही व अन्याय के खिलाफ महात्मा गांधी ने बगैर झुके सत्य और अहिंसा के बल पर संघर्ष का मार्ग आज भी हमें प्रेरणा देता है।

पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहे किशोर शर्मा ने बताया की बापू द्वारा स्थापित अहिंसा,सद्भाव और स्वच्छता रूपी सिद्धांतों से गांधी को भारत ही नहीं पूरे विश्व में जाना जाता है इस गौरवशाली स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए आज शांति मार्च निकाला गया। पार्षद दाऊदयाल शर्मा ने कहा कि युवाओं को गांधी के सिद्धांत आत्मसात करने चाहिए।

उपस्थित सभी लोगों को समाज स्वच्छता और आपसी भाईचारा बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लेना चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष बबीता शर्मा ने बताया देश की आजादी में गांधी का योगदान आज भी आमजन के जहन में है।दांडी मार्च प्रभारी डॉ लोकपाल सिंह द्वारा उपस्थित सभी गांधीवादी विचारकों महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।संगोष्ठी प्रभारी डॉ सौरभ शर्मा एवं अतुल चतुर्वेदी द्वारा गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की सफाई कर सभी गांधीवादी विचारकों को माल्यार्पण हेतु बारी-बारी से आमंत्रित किया गया। एड.अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अशोक गहलोत के निर्देश पर किया गया। गांधी मार्च में डॉ दयाचंद पचौरी शहर अध्यक्ष, संगठन महासचिव योगेश सिंघल,पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहे किशोर शर्मा,पूर्व पार्षद दाऊदयाल शर्मा,मनोज शर्मा,महिला कांग्रेस अध्यक्ष बबीता शर्मा,डॉ.लोकपाल सिंह, डॉ सौरभ शर्मा,एड.अभिषेक जैन,रीना कौर,अतुल चतुर्वेदी,

हेमू पाऊआ, वीरपाल सिंह प्रोफेसर, चंद्रकांत शर्मा,अर्जुन सिंह सूबेदार,प्रेम सिंह प्रजापत, पूर्व पार्षद चरणदास वाल्मीकि, ए.के.भटनाकर,मिथिलेश कुमारी,नरेंद्र कुमार गौड़ आदि ने भाग लिया।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न 7 लड़कियों का कराया सामूहिक विवाह



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर महिला सेवा इकाई के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संम्पन किया गया। महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष प्रभागुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में साथ गरीब व जरूरतमंद कन्याओं का विवाह स्वास्थ्य मंदिर और उनके भामाशाहों के सहयोग से पूरा किया गया। जिसमें एक बेटी को सभी जरूरत का सामान जैसे अलमारी, बेड, रसोई के बर्तन, कूलर, प्रेस, मिक्सी, कुकर, कपडे, साड़ियां सिलाई की मशीन, नाक की सोने की बाली बिछिया पायल अंगूठी इत्यादि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। स्वास्थ्य मंदिर के अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य मंदिर द्वारा प्रतिवर्ष मार्च माह में हर साल शादी की जाती है यह स्वास्थ्य मंदिर द्वारा चतुर्थ विवाह सम्मेलन था अब तक स्वास्थ्य मंदिर 63 से अधिक कन्याओं की शादी कर चुका है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंदिर के सभी आजीवन सदस्य, साधारण सदस्य, महिला सेवा इकाई के सदस्य, संरक्षक सदस्य, कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

# कलक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

## विभगीय योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा कर समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्विति कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर चिकित्सा विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के तहत विगत वित्तीय वर्ष में जिले की 73 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त की गई तथा इस दिशा में निरन्तर कार्य करते हुए जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं चिकित्सा विभाग के प्रयासों से इस वर्ष 174 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष रही ग्राम पंचायतों को भी यथाशीघ्र टीबी मुक्त करावे। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि



चिकित्सा संस्थान में इस प्रकार की व्यवस्था करें कि 24 घण्टे प्रसव किए जा सके।

साथ ही गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांचे कराई जाए एवं लाभार्थी महिलाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान समयबद्घ रूप से किया जावे। उन्होंने एनीमिया की रोकथाम हेतु पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीयकृत गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसवपूर्व जांच कराकर उपचार से लाभांवित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्घ तरीके से पर्ची की एंट्री करावे तथा चिकित्सा संस्थान पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दवाओं का इंडेंट करें एवं सुनिश्चित करें कि सभी दवा वितरण केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध होवे। साथ ही उन्होंने एनटीएनसीडी कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा एनसीडी पोर्टल पर इंद्राज डाटा की उपलब्धता की रिपोर्ट समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन योजनाओं की क्रियान्विति में संबंधित ब्लॉक की प्रगति कम है वे अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों का रिव्यु कर प्रगति बढावे। साथ ही निर्देश दिये कि बीसीएमओ अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, एएनसी टीकाकरण, जेएसवाई, राजश्री योजना हेतु निर्धारित लक्ष्यानुरूप कार्य करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने फरवरी 2026 तक की विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित स्वास्थ्य सूचकांक की प्रगति रिपोर्ट के बार में अवगत कराया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. छबील कुमार, डीप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. टेकचंद सहित संबंधित अधिकारी एवं सभी बीसीएमएचओ व सीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

# आईआईटी जोधपुर सिक्योरिटी इंचार्ज के साथ मारपीट

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर के करवड़ थाना इलाके में आइआइटी जोधपुर के सिक्योरिटी इंचार्ज के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। आपसी रंजिश के चलते कुछ युवकों ने रास्ता रोककर उनके साथ हाथापाई कर दी, जिसमें उनके चेहरे पर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार आइआइटी जोधपुर में सुरक्षा इंचार्ज दिनेश सिंह अपने ड्राइवर के साथ अनुबंधित कार से टूंट की बाड़ी के पास तारबंदी का सामान लेने गए थे। उनका घर करवड़ थाने के सामने स्थित है। सामान लेने के दौरान दुकान पर कुछ युवक भी मौजूद थे। बाद में जब दिनेश सिंह वहां से लौट रहे थे तो आरोपियों ने रास्ते में कार रुकवाकर उनके साथ मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावर दो स्कॉर्पियो गाडियों में आए थे। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी करवड़ के घड़ाव क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि दिनेश सिंह भी उसी इलाके में रहते हैं।बताया जा रहा है कि मकान की बिक्री को लेकर ग्राहकों को भडक़ाने की बात को लेकर भी दोनों पक्षों में तनाव था, हालांकि पीडि़त ने अपनी शिकायत में इस बात से इनकार किया है। करवड़ थाना अधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि दिनेश सिंह की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को आइआइटी परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही रोकने को लेकर भी नाराजगी थी, इसी कारण यह हमला किया गया। पुलिस ने दुर्गाराम, धीरेंद्र और देवेंद्र को डिटेन किया है।

# वृंदावन पार्क शांतिकुंज में श्रमदान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका जी और उनकी टीम ने आज वृंदावन पार्क शांतिकुंज में कॉलोनी वासियों के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर नरूका जी ने पूरे पार्क का निरीक्षण किया और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। नरूका जी ने कहा वर्क आर्डर बनने के बाद पार्क का डेवलपमेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक हरीश जसोरिया ने बताया सभी कॉलोनी वासियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लिया। वृंदावन पार्क शांतिकुंज के निवासी इस अवसर पर अच्छी संख्या में उपस्थित रहे और अपने पार्क के विकास के लिए एकजुट हुए।

# सरसों व चना की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से, पंजीकरण 20 मार्च से शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों और चना की सरकारी खरीद की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।पंजीकरण प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से प्रारंभ की जाएगी एवं खरीद प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जाएगी। निर्धारित समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा तय किए गए एफएक्यू मापदंडों के अनुसार इस वर्ष के भाव चना हेतु 5,875 प्रति क्विंटल एवं सरसों हेतु 6,200 प्रति क्विंटल रखी गई है। सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति अशोक दीप पिंगोलिया ने बताया कि पंजीकृत किसान मोबाइल पर प्राप्त संदेश में दी गई नियत तिथि पर ही अपनी उपज लेकर संबंधित क्रय केंद्र पर पहुँचें। विशेष ध्यान रहे कि किसान नियत तिथि से केवल 10 दिनों के भीतर ही अपनी तुलाई करवा सकते हैं। समय पर तुलाई होने से उपज का भुगतान भी समयबद्ध तरीके से किया जा सकेगा। किसानों की सहायता के लिए खरीद प्रक्रिया या पंजीकरण से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए विभाग ने हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर जारी किया है। किसान 18001806001 पर संपर्क कर अपनी समस्या का निवारण कर सकते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महंत का शव,पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर(नि.स.)।** बाड़मेर के नागाणा थाना क्षेत्र के एक महंत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है महंत पारस महाराज का शव पानी के टांके में तैरता हुआ मिला जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और वस्तुस्थिति देखकर लोगों से पूछताछ शुरू की है। मौके पर एफएसएल और एमओबी टीम ने भी पहुचकर साक्ष्य जुटाए है। हालांकि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बाड़मेर जिले के नागाणा थाना क्षेत्र के झाक गांव के मठ के मठाधीश महंत पारसनाथ महाराज का शव गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने का मामला सामने आया है। ग्रामीण जब टैंक से पानी लेने पहुंचे तो उन्हें महंत का शव तैरता हुआ नजर आया इसके बाद पुलिस को इस बारे में इत्तला की गई। एसपी नरेंद्र सिंह मीना के मुताबिक नाथ संप्रदाय से जुड़े महंत पारसनाथ महाराज का मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था । वे लगभग 30 साल से यहां निवास रखने और विगत 12 वर्षों से महंत की गद्दी संभाल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या है करना सामने आया है ।जानकारी मिलने पर आसपास के इलाके से महंत के भक्ति और अन्य लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे।सूचना पर बाटाडू चौकी और नागाणा थाना पुलिस मौके पर नागाणा थाना पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अपना अनुसंधान कर रही है।

### श्री राज आई.ए.एस. के शुभ आरंभ पर बोले कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल

# भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में राजस्थान के युवाओं का दबदबा हमेशा से रहा




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर में श्री राज आईएएस के शुभारंभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में राजस्थान के युवाओं का दबदबा हमेशा से रहा है । उन्होंने बताया कि जोधपुर एम्स से एम.बी.बी.एस उत्तीर्ण अनुज अग्निहोत्री निवासी रावतभाटा ( कोटा ) ने पूरे भारत वर्ष में आईएएस 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त करके इसको सिद्ध किया ।

जोधपुर के शास्त्री सर्कल स्थित जोधपुर एकेडमी के साथ श्री राज आई.ए.एस. नई दिल्ली ने अपनी जोधपुर शाखा का भव्य शुभारंभ समारोह महन्त दयाराम जी महाराज गादीपति शिकारपुरा धाम एवं कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । संस्थान के फाउंडर एवं डायरेक्टर डॉ . ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि श्री राज आई.ए.एस. नई दिल्ली प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी करवाने का उत्कृष्ट कार्य करवा रहा है । मारवाड़ क्षेत्र में विद्यार्थियों की माँग पर श्री राज आई.ए.एस. की जोधपुर ब्रांच का शुभारंभ किया गया । महन्त दयाराम जी महाराज ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि श्री राज आई.ए.एस. जोधपुर एकेडमी के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी । इस अवसर पर सिद्धार्थ पलनिचामी,आयुक्त नगर निगम आशीष कुमार,जि.प. जोधपुर जीतेंद्र कुमार पाण्डे ,उपखंड अधिकारी जोधपुर सुरेश सिंह राजपुरोहित , जोधपुर पंकज कुमार जैन,उपखंड अधिकारी जोधपुर समेत कई राजनेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे । डायरेक्टर राजेश पंचारिया ने आभार व्यक्त किया।

# बेटे की इच्छा पूरी करने के लिए पिता ने मंगवाया हेलीकॉप्टर, दुल्हन समेत पहुंचने से पहले ग्रामीणों पर की पुष्प वर्षा




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर के लूणी विधानसभा क्षेत्र के नंदवान में गुरुवार को दुल्हा अपनी दुल्हन को हैलीकॉप्टर से लेकर गांव पहुंचा। यह नजारा देखने पूरा गांव बनाए गए हेलीपैड के इर्द-गिर इक्कठा हुआ और हर कोई अचंभित नजर आया। समाजसेवी सुमेर बेनीवाल ने बताया की युवा उद्यमी रमेश बेनीवाल ने अपने बेटे अभिषेक बेनीवाल की शादी को अनोखा और यादगार बनाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की। पिता ने बताया कि अभिषेक बेनीवाल का सपना था कि वह अपनी दुल्हन को लेकर आसमान से गांव पहुंचे और गुरुवार को वह सपना पूरा हो गया। जब उनका बेटा दुल्हन को लेकर हेलीकॉप्टर से लेकर पहुंचा। जोधपुर से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरीउड़ान के दौरान ही हेलीकॉप्टर गांव के प्रमुख धार्मिक स्थलों के ऊपर से चक्कर लगाते हुए आगे बढ़ा। गांव की सीमा में प्रवेश करते ही हेलीकॉप्टर ने आसमान से फूल बरसाने शुरू कर दिए। गांव के लोग छतों और गलियों से यह दृश्य देख कर खुशी से झूम उठे। आसमान से बरसते फूलों ने शादी की खुशी को कई गुना बढ़ा दिया।जैसे ही हेलीकॉप्टर नंदवान गांव के मैदान में उतर लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई।सभी ने इस नवाचार की सराहना की।

# जिले में गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध आमजन अफवाहों से बचे : एडीएम

## जिले में गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम हुआ गठन, कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि मुख्य सचिव राजस्थान से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, और किसी भी प्रकार की चिंताजनक परिस्थिति नहीं है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक ख़बरों एवं अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक ना करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में पूर्व की भांति नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य रूप से की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी एवं जमाखोरी के लिए टीमों का गठन किया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गैस आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए उपभोक्ता की सुविधा के लिए स्थापित किए गए कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1445 एवं पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर 112 पर शिकायत की जा सकती है।

### बुकिंग के बाद मिलेगा सिलेंडर

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति के उपरांत 25 दिन बाद बुकिंग करने पर पुनः गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा की आशंका के चलते अनावश्यक बुकिंग न करें तथा सिलेंडरों का भंडारण नहीं करें। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण पर प्रशासन द्वारा समुचित निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जांच दल का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी करेगा।

### अवैध भंडारण पर होगी कार्यवाही

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध संग्रहण, अनुचित उपयोग या कालाबाजारी करते पाए जाने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) आदेश, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि गैस वितरण से जुड़ी किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

क्या आँखों का पानी मर गया प्राचार्य और उनके स्टॉफ का, 13 कर्मचारी मिले नदारद

# विधायक,मंत्री व प्रमुख शासन सचिव तक करूँगा शिकायत:यादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र के सरपंच संघ अध्यक्ष व ग्राम पंचायत श्यामपुरा के सरपंच विक्रमसिंह यादव ने गांव श्यामपुरा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि विद्यालय में कार्यरत अध्यापको में से 13 कर्मचारी मौके से नदारद मिले। विक्रम यादव ने बताया की विद्यालय के प्राचार्य खुद भी समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते और स्टॉफ को भी खुली छूट दे रखी है। उन्होने बताया की यह तीसरा अवसर है जब मैंने इस प्राचार्य के आगमन के बाद विद्यालय का निरिक्षण किया। तीनों बार यहाँ से गुजर रहा था तो विद्यार्थी विद्यालय प्रांगण के बाहर खड़े या खेलते पाए गए। इसी बात को लेकर मैंने उनसे बात की तो उन्होने दो बार हमसे वादा किया कि हम अपनी आदत सुधार लेंगे। लेकिन समस्या जस की तस है। आज जब मैं यहाँ से गुजर रहा था तो परीक्षा के समय विद्यार्थी बाहर खेलते हुए नजर आए। मैंने गाड़ी रोककर देखा तो अधिकतर स्टॉफ नदारद पाया गया। यादव ने बताया कि अनेकों बार चेतावनी के बाद भी प्राचार्य की लेट-लतिफी में कोई सुधार नहीं हुआ है। मैंने सीबीईईओ और जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत कर परिक्षण कर लिया है कि यह प्राचार्य और अनुपस्थित स्टॉफ कभी नहीं सुधरेगा !इसलिए मैंने फैसला किया है कि हमारे विधायक देवीसिंह शेखावत,शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित प्रमुख शासन सचिव तक विद्यार्थियों के हित की बात कर इनकी शिकायत करूँ। यादव ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में विद्यार्थियों की संख्या बल व परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय में गत सत्र तक 350 विधार्थी थे जिनकी संख्या घटकर 150 के आसपास पहुँच गईं है जो बड़ी चिंता का विषय है। वहीं शिक्षा विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे कार्यालय के उच्च अधिकारी यहाँ नहीं हैं ! जैसे ही ग्रामीणों और सरपंच साहब द्वारा हमें लिखित में सूचना मिल जाएगी। उसी दिन टीम गठित कर निष्पक्ष और उचित कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी।




## सरिस्का में खुशहाल बाघ

# एसटी-17 ने दिया तीन शावकों को जन्म, कैमरे में हुई तस्वीर कैद



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सरिस्का बाघ परियोजना के सीसीएफ संग्राम सिंह कटियार ने बताया कि सरिस्का के जंगलों में खुशहाली और वन्य जीवों के संरक्षण को लगातार बल मिल रहा है । ऐसे में बाघों के बढ़ते हुए कुनबे को देखते हुए पर्यटक भी खासे रोमांचित हो रहे हैं। ऐसे ही खुशखबरी गुरुवार को सरिस्का में लगे कैमरा ट्रैप नजर आई जहां बाघिन एसटी-17 ने 3 शावकों को जन्म दिया है। डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने बताया कि बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का बाघ परियोजना के रेंज अकबरपुर क्षेत्र में कैमरा ट्रैप चित्रों एवं भू-गश्त के आधार पर इन शावकों की पुष्टि की गई है। बाघिन एसटी-17 के साथ तीनों शावक कैमरा ट्रैप में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं तथा बाघिन व शावकों की गतिविधि सामान्य पाई गई है। संबंधित बाघ मॉनिटरिंग दल को बाघिन एवं उसके शावकों की गतिविधियों पर निरन्तर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि बाघीन एसटी-17 इससे पूर्व भी शावकों को जन्म दे चुकी है तथा यह उसकी दूसरी सफल प्रजनन घटना है। इन तीन नवजात शावकों के जन्म के साथ सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों की संख्या में और वृद्धि हुई है।

# सीएम बोले-उद्यमी हमेशा कहते है बस टाइमपास हो रहा है

## दाल-रोटी निकल रही है, जबकि उनकी यूनिट्स बढ़ती रहती है, अरे ऐसा मत कीजिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि उद्यमियों की हमेशा एक आदत बन गई है। उनका उद्योग चल रहा है, बढ़िया चल रहा हैं। मुझसे कई बार उद्यमी मिलने आते है, उनसे जब भी पूछो कि कैसा चल रहा है तो वो हमेशा यहीं कहते है कि दाल रोटी निकल रही है, टाइमपास हो रहा हैं।

आपकी एक यूनिट से दो हो गई, दो से तीन हो गई, फिर भी दाल-रोटी ही निकल रही हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान के वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा, अरे ऐसा मत कीजिए। मैं इसलिए कह रहा हूं कि आपके पास जो हमारी युवा पीढ़ि काम कर रही हैं, आप इनको उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। अगर आप उससे यह कहेंगे कि कोई मतलब नहीं है, हमारी दाल रोटी ही मुश्किल से निकल रही है, काहे के चक्कर में पड़ रहे हो तुम। लेकिन उसने यूनिट लगा ली और काम सही चल गया तो वो यहीं कहेगा कि इन्होने कभी सही बात नहीं बताई। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर आपने किसी की यूनिट लगवा दी तो उसकी तीन पीढ़िया आपको याद रखेगी। आप राजस्थान को आगे बढ़ाइए, इसमें आपको कोई परेशानी होती है तो हम इसके लिए जिम्मेदार हैं।

### गांव छोटे और शहर बड़े हो रहे है

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले कहा जाता था कि देश की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है, लेकिन आज स्थिति उल्टी हो गई हैं। गांव छोटे और शहर बड़े हो रहे हैं। शहर में व्यक्ति 40 से 45 किलोमीटर का सफर तय कर रहा हैं, तो गांव में 15 किलोमीटर का सफर तय नहीं कर सकता हैं। उन्होने उद्यमियों से कहा कि हमें गांव के आसपास भी उद्योग लगाने चाहिए। वहीं जिस तरह से शहर बढ़ रहे है, उसे ध्यान में रखकर योजना बनानी चाहिए। हम एक कॉलोनी भी बनाते है तो उसके हिसाब से योजना नहीं बनाते हैं। पहले हम वहां पांच इंच की पाइपलाइन डाल




देते है, फिर आबादी बढ़ती है तो उसे उखाड़कर 8 इंच की पाइपलाइन डालते है, फिर उसके बाद 10 इंच की पाइपलाइन डालते हैं। हमारे पास एक विजन होना चाहिए कि हमारी कितनी आवश्यकता हो सकती हैं।

# अय्यर के लेटर का थरूर ने दिया जवाब

## कहा- मेरी देशभक्ति पर सवाल उठाना गलत; अय्यर ने लिखा था- क्या आप मोदी की कृपा चाहते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं शशि थरूर और मणि शंकर अय्यर के बीच तनाव और बढ़ गया है। थरूर ने गुरुवार को अय्यर के ओपन लेटर का जवाब ओपन लेटर से दिया है। थरूर ने कहा है कि विदेश नीति पर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इससे किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है।

मणि शंकर अय्यर ने 10 मार्च को अपने लेटर में विदेश नीति पर थरूर के रुख की आलोचना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि थरूर ने अमेरिका-इजराइल और ईरान से जुड़े मुद्दों पर भारत के नैतिक रुख को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि भारत को शक्तिशाली देशों के दबाव में चुप नहीं रहना चाहिए और गांधी-नेहरू की नैतिक राजनीति से प्रेरणा लेनी चाहिए।

अय्यर ने लेटर में थरूर से पूथा- क्या आप सचमुच नरेंद्र मोदी की कृपा पाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे आपको वह लाभ दे सकते हैं जो विपक्ष आपको नहीं दे सकता थरूर ने जवाब में कहा- मैंने अब तक सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन अब जवाब देना जरूरी हो गया था।

# फारूक अब्दुल्ला बोले-ऊपर वाले ने बचाया

## हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी, सुरक्षाकर्मी की वजह से बचे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया और उन्हें गोली नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा-मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया और नुकसान होने से बच गया। वहीं, हमलावर कमल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। हमलावर को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में फायरिंग की घटना के बाद फारूक अब्दुल्ला से फोन पर बात की और उनका हालचाल पूछा।

### फारूक अब्दुल्ला ने ये भी बताया...

मेरे पास मेरी सिक्योरिटी की तारीफ करने के लिए शब्द नहीं हैं। लोकल पुलिस वाले, मेरे साथ रहने वाले सिक्योरिटी वाले और हस्त्र के सदस्य शामिल थे, जो मेरी सुरक्षा के लिए मेरे सामने खड़े थे। मैं उस आदमी को नहीं जानता, न ही किसी ने मुझे उसके बारे में कभी कुछ बताया। जहां तक उसके मकसद की बात है मुझे कैसे पता चलता कि वह क्या हो सकता था सवाल यह है कि इस शादी में कई जाने-माने लोग मौजूद थे, इसलिए पुलिस को सही सावधानी बरतनी चाहिए थी। लेकिन पुलिस का कोई इंतजाम नहीं था। सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उस शादी में कई जाने-माने लोग आए थे। ऐसे इवेंट में प्रोटेक्शन होना जरूरी था, खासकर आज जिस तरह के माहौल में हम रह रहे हैं। इस मामले की सही जांच होनी चाहिए। अब यह गृहमंत्री पर है कि वे जांच करें और पता लगाएं कि ऐसा क्यों हुआ और इसका क्या कारण था। आजकल इस तरह की चीजें होती रहती हैं। हमलावर को हमेशा फायदा होता है। उसे पता होता है कि वह आपको कहां टारगेट करना चाहता है। लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि सिक्योरिटी और बढ़ानी चाहिए। यह मुख्य मुद्दा नहीं है।

# पंचायत चुनाव पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को चेताया : कहा-15 अप्रैल तक इलेक्शन नहीं हुए तो कोर्ट की अवमानना होगी, कार्रवाई के लिए अफसर जिम्मेदार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिलने से पंचायतीराज चुनाव में देरी हो रही है। इसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को चेताया है। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेशों के मुताबिक 15 अप्रैल तक पंचायतीराज चुनाव कराए जाने हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतीराज विभाग को लेटर लिखकर चेताया है। आयोग ने लेटर में अफसरों को चेतावनी दी है कि तय समय में चुनाव नहीं हुए और सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई की तो इसके लिए पंचायतीराज विभाग के अफसर जिम्मेदार होंगे। पंचायतीराज संस्थाओं में ओबीसी के आरक्षण वाले वार्ड छांटकर उनकी रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। इसमें देरी होने पर राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश वर्मा ने पंचायती राज विभाग को लेटर लिखकर चेताया है। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण ओबीसी वार्ड तय नहीं हो पाए हैं। इसके चलते आयोग चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं कर पा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने ओबीसी के वार्डों का आरक्षण तय करने के लिए राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग से अब तक रिपोर्ट नहीं आने से हो रही देरी पर दूसरा विकल्प भी सुझाया है।

# जैसलमेर की सभी फ्लाइट 28 मार्च के बाद बंद टूरिस्ट सीजन खत्म होने का एयर कनेक्टिविटी पर दिखेगा असर; समर शेड्यूल होगा लागू

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में पर्यटन सीजन खत्म होने के साथ ही एयर कनेक्टिविटी पर भी असर दिखने लगा है। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन शहरों के एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स की संख्या घटने के साथ ही फ्लाइट ऑपरेशन भी कम किए जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर जैसलमेर एयरपोर्ट पर देखने को मिलेगा, जहां 28 मार्च के बाद सभी फ्लाइट्स बंद हो जाएंगी। 29 मार्च से एयरलाइंस का समर शेड्यूल भी लागू हो जाएगा।

### जैसलमेर एयरपोर्ट से सभी नियमित फ्लाइट होगी बंद

समर शेड्यूल के साथ ही जैसलमेर एयरपोर्ट से संचालित होने वाली सभी नियमित फ्लाइट बंद कर दी जाएंगी। इसके बाद कुछ समय के लिए एयरपोर्ट भी बंद रहेगा। पर्यटन सीजन के दौरान यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ पर्यटकों की संख्या कम हो जाती है, इसलिए एयरलाइंस कंपनियां भी उड़ानों में कटौती करती हैं। फिलहाल जैसलमेर एयरपोर्ट से कुल 6 फ्लाइट्स संचालित हो रही हैं। इनमें दिल्ली के लिए 3 उड़ानें हैं, जबकि जयपुर, मुंबई और बेंगलुरु के लिए एक-एक फ्लाइट संचालित की जा रही है। ये उड़ानें मुख्य रूप से पर्यटन सीजन को देखते हुए शुरू की जाती हैं, लेकिन सीजन खत्म होने के बाद इनका संचालन रोक दिया जाता है। जैसलमेर के साथ ही जोधपुर एयरपोर्ट और महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। इन दोनों एयरपोर्ट से संचालित होने वाली कई फ्लाइट्स समर शेड्यूल के तहत कम कर दी जाएंगी। पैसेंजर्स की संख्या कम होने के कारण एयरलाइंस कंपनियां फ्लाइट्स की संख्या घटा रही हैं।

# राजस्थान के 8 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## बादल छाने से हीटवेव से राहत मिली; अगले दो सप्ताह गर्मी कंट्रोल रहने का अनुमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी के बाद गुरुवार को मौसम में थोड़ा बदलाव देखने को मिला। जयपुर, अजमेर, भरतपुर संभाग के अधिकांश और बीकानेर-जोधपुर संभाग के कुछ जिलों में बादल छाए। मौसम में इस बदलाव से दिन में गर्मी थोड़ी कम रही और हीटवेव से भी राहत रही।

मौसम विभाग ने राज्य में अगले 10 से 12 दिन के दौरान 2 वेस्टर्न डिस्टरबेंस आने और उसके प्रभाव से कई इलाकों में बादल छाने, हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। इन दो सिस्टम के असर से राज्य में अगले दो सप्ताह गर्मी भी सामान्य रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 14 मार्च को 8 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

राज्य में गुरुवार को सबसे ज्यादा गर्मी कोटा में रही, जहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री दर्ज हुआ। बाड़मेर में तापमान लगातार 40 से 41 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा था, जो गिरकर 39.4 डिग्री पर दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में 38.4 डिग्री, फलोदी में 38.8 डिग्री, पिलानी 37.7 डिग्री, जैसलमेर-भीलवाड़ा में 37.2 डिग्री, जोधपुर-उदयपुर में 37 डिग्री, चूरू में 37.8




डिग्री, बारां-डूंगरपुर में 36.9 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 36.7 डिग्री, जयपुर में 36.4 डिग्री, सिरोही में 36.3 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। गंगानगर में तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट हुई, यहां अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री दर्ज हुआ। सुबह से छाए हल्के बाद, देर शाम चली धूलभरी हवाएं राजधानी जयपुर में सुबह से मौसम में हल्का बदलाव रहा। यहां आसमान में हल्के बादल छाए और दोपहर में धूप कमजोर रही। दोपहर से देर शाम तक हल्की धूलभरी हवा चली। दोपहर में हल्के बादल छाने से जयपुर में तापमान में मामूली गिरावट हुई। जयपुर के अलावा जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा के अलावा बीकानेर और सीकर, झुंझुनूं के कुछ एरिया में भी यही स्थिति रही। एक दूसरा वेदर सिस्टम 19 मार्च से फिर एक्टिव होगा, जिसका असर 19 से 21 मार्च तक देखने को मिल सकता है। इस दौरान राजस्थान के कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते है, जबकि कहीं-कहीं हल्की बारिश, बूंदाबांदी भी हो सकती है। इन दोनों सिस्टम के असर से राज्य में 23-24 मार्च तक राज्य में गर्मी सामान्य रह सकती है।

# ईरानी सुप्रीम लीडर बोले- अमेरिकी बेस पर हमले जारी रहेंगे

## पद संभालने के बाद मुजतबा का पहला बयान, कहा- होर्मुज का रास्ता नहीं खुलेगा

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद गुरुवार को अपना पहला बयान जारी किया। इसमें उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद कर दे, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि उन्हें ईरान पर किए गए हमलों की 'भरपाई' करनी होगी। ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाए गए संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले दिन मोजतबा खामेनेई के पैर में फ्रैक्चर हो गया था



और उन्हें हल्की चोटें भी आई थीं। बताया गया कि वह उसी हवाई हमले में घायल हुए थे, जिसमें उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।

### क्या ईरान ने भारतीय जहाजों को जाने की इजाजत दी

मिडिल-ईस्ट में जारी इस संघर्ष के बीच भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ने भारत जाने वाले जहाजों को अनुमति दी है। इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगा। हाल की बातचीत में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे।

# मारवाड़ की नदियों के हालात पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

## कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट, लूणी, बांडी और जोजरी औद्योगिक नाले बनीं, 5 प्रतिशत फसलें ही सुरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर, पाली और बालोतरा की नदियों में फैले औद्योगिक प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- उनके पैर खींचने यानी टालमटोल वाले रवैये के कारण सार्वजनिक संपत्तियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने कमेटी को जांच के लिए पर्याप्त लॉजिस्टिक और मानव संसाधन उपलब्ध नहीं कराए। दरअसल, जोधपुर संभाग की तीन प्रमुख नदियों (बांडी, लूणी और जोजरी) के प्रदूषित होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था। कोर्ट के आदेश पर एक कमेटी बनाई गई थी। अब इस हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी ने तीनों नदियों की जांच कर अपनी पहली स्टेटस रिपोर्ट मंगलवार को कोर्ट को सौंपी। कमेटी ने 202 पन्नों की जांच रिपोर्ट में बताया- तीनों नदियां औद्योगिक नाले बन गई हैं। किसानों की फसलें भी केवल 5 प्रतिशत ही सुरक्षित हैं। राजस्थान के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अगली सुनवाई तक कमेटी की लॉजिस्टिक और स्टाफ संबंधी सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इस मामले में जोधपुर के अधिवक्ता दिग्विजय सिंह जसोल के आग्रह पर सुप्रीम कोर्ट से कमेटी की रिपोर्ट सभी पक्षों को उपलब्ध कराने के आदेश दिए। अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च को होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत-चुनाव मामले में हस्तक्षेप से किया इनकार

## याचिकाकर्ता से कहा- हाईकोर्ट के समक्ष जाए, याचिका को खारिज किया

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर दखल देने से इनकार कर दिया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाला बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने बिहारीलाल रणवा व अन्य याचिकाकर्ताओं को हाई कोर्ट अथवा किसी अन्य उपयुक्त मंच के समक्ष जाने के लिए कहा है। याचिकाकर्ता का कहना था कि राजस्थान सरकार चुनाव प्रक्रिया को विलंबित करने का प्रयास कर रही है, जबकि सरकार ने पहले सर्वोच्च न्यायालय में आश्वासन दिया था कि चुनाव प्रक्रिया 15 अप्रैल, 2026 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

ऐसे में याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष न्यायालय से हस्तक्षेप का आग्रह किया कि चुनाव निर्धारित समय सीमा के भीतर संपन्न हो।

### चुनाव जीतने के बाद कॉन्स्टेबल का किया था मर्डर

# घर में घुसकर मारी थी गोली; कोटा में 7 साल बाद पिता-पुत्रों सहित 10 को उम्रकैद

बढ़ता राजस्थान

कोटा। कोटा में 7 साल पुराने कॉन्स्टेबल मर्डर केस में एससी/एसटी कोर्ट ने फैसला सुनाया है। जज मनोज कुमार गोयल ने गुरुवार को 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 9 दोषियों पर 20-20 हजार और एक दोषी पर 30 हजार का जुर्माना लगाया है। लिफ्ट परियोजना के चुनाव जीतने के बाद मेघराज (मास्टरमाइंड) ने अपने 3 बेटों, 3 दामादों और अन्य साथियों के साथ मिलकर कॉन्स्टेबल अभिमन्यु बागरी के घर में घुसकर गोली मारी थी। इलाज के दौरान अभिमन्यु की अस्पताल में मौत हो गई थी। यह घटना 3 फरवरी, 2019 को रात 11 बजे हुई। कोर्ट ने 135 पेज में फैसला सुनाया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-पेरेंट्स की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं

## सिविल सेवा पास करने वाले कैंडिडेट्स को राहत, आरक्षण का फायदा नहीं मिला था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए तो यह अनुचित भेदभाव होगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने यह फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही माना।

कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी



को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया।

### सरकार ने सैलरी को आय में जोड़ दिया

यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पब्लिक सेक्टर्स (पीएसयू), बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। इन कुछ कैंडिडेट्स ने सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की थी। वे सिविल सेवा परीक्षा में ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) का लाभ चाहते थे। ट्रिब्यूनल ने सरकार को आदेश दिया था कि उन्हें उनके ओबीसी श्रेणी के आरक्षण के आधार पर नौकरी दी जाए।

केंद्र सरकार ने 1993 का ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि ओबीसी में क्रीमी लेयर कौन होगा। उसमें कहा गया था कि वेतन और कृषि आय को आय सीमा तय करने में शामिल नहीं किया जाएगा। लेकिन 14 अक्टूबर 2004 के स्पष्टीकरण में पीएसयू और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतन-आय को शामिल करने की बात कही गई थी। सरकार ने इस स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर कैंडिडेट्स के माता-पिता की सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से कैंडिडेट्स को आरक्षण का फायदा नहीं मिला था।

### कोर्ट ने कहा- एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता

कोर्ट ने कहा कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता। कोर्ट यह भी पाया कि सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है।

अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

# भारत पर फिर से टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

### 16 बिजनेस पार्टनर्स के खिलाफ जांच शुरू, अनुचित व्यापार के सबूत मिले तो भारी टैक्स लगेगा

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत और चीन समेत अपने 16 प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ सेक्शन 301 के तहत नई जांच शुरू कर दी है। सेक्शन 301 अमेरिका को उन देशों पर एकतरफा टैक्स बढ़ाने की शक्ति देता है, जो उसकी कंपनियों को नुकसान पहुंच रहे हो।

पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ को अवैध बताने के बाद, प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से टैरिफ का दबाव वापस बनाने की तैयारी में है।

# जयपुर में डम्पर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

## बहन से मिलने घर से निकले थे, पीछे से बाइक को मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार डम्पर के बाइक सवार को रौंद दिया। इससे युवक वह अपनी बहन से मिलने के लिए बाइक लेकर घर से निकले थे। सामने से आ रही बाइक को बचाने के चलते डम्पर ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कॉन्स्टेबल महावीर प्रसाद ने बताया- हादसे में मुरलीपुरा की न्यू कॉलोनी निवासी विजय सिंह (64) पुत्र हरि सिंह की मौत हो गई। सुबह करीब 9:30 बजे वह बाइक से निवारू रोड पर रहने वाली अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान दादी का फाटक के पास ओवर स्पीड डम्पर ने पीछे से विजय सिंह को टक्कर मार दी। बाइक सहित रोड पर गिर विजय सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित कर गंभीर हालत में विजय सिंह को प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने विजय सिंह को मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888, प्रधान कार्यालय : 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं. 0141-2796794,2796795, ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)